# जब आप हमारी सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं, तो आप हमें भरोसे से अपनी जानकारी सौंपते हैं. हम समझते हैं कि यह एक बड़ी ज़िम्मेदारी है और इसलिए हम आपकी जानकारी की सुरक्षा के लिए कड़ी मेहनत करते हैं ताकि सब कुछ आपके नियंत्रण में रहे.

यह निजता नीति आपको यह समझने में सहायता करती है कि हम किस तरह की जानकारी इकट्ठा करते हैं और क्यों इकट्ठा करते हैं. साथ ही, आप अपनी जानकारी को कैसे अपडेट कर सकते हैं, कैसे प्रबंधित कर सकते हैं, उसे कैसे मिटा सकते हैं और उसे दूसरी जगह भेज सकते हैं, यह समझने में भी मदद मिलती है.

निजता जांच

क्या आप निजता सेटिंग में बदलाव करना चाहते हैं?

निजता जांच करें

प्रभावी 16 सितंबर 2024 | संग्रह किए गए वर्शन

हम ऐसी कई तरह की सेवाएं बनाते हैं जो हर रोज़ लाखों लोगों को नए तरीके से दुनिया के बारे में पता लगाने और उसके साथ इंटरैक्ट करने में सहायता करती हैं. हमारी सेवाओं में शामिल हैं:

- Google ऐप्लिकेशन, साइटें और डिवाइस, जैसे सर्च, YouTube और Google Home
- Chrome ब्राउज़र और Android ऑपरेटिंग सिस्टम जैसे प्लैटफ़ॉर्म
- वे प्रॉडक्ट जो तीसरे पक्ष के ऐप्लिकेशन और साइटों से जुड़े हैं, जैसे कि Google Ads, Google Analytics, और एम्बेड किया गया Google Maps

अपनी निजता को मैनेज करने के लिए, हमारी सेवाओं का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जा सकता है. उदाहरण के लिए, अगर आपको ईमेल और फ़ोटो जैसा कॉन्टेंट बनाना और मैनेज करना है, तो Google खाते के लिए साइन-अप किया जा सकता है. इसके अलावा, ज़्यादा काम के खोज के नतीजे भी देखे जा सकते हैं. साथ ही, साइन आउट होने पर या कोई खाता बनाए बिना भी Google की कई सेवाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है. जैसे, Google पर जानकारी खोजना या YouTube वीडियो देखना. Chrome के गुप्त मोड जैसे किसी निजी मोड में भी वेब को ब्राउज़ किया जा सकता है. इससे, आपका डिवाइस इस्तेमाल करने वाले दूसरे लोगों से आपकी ब्राउज़िंग को निजी बनाए रखने में मदद मिलती है. हमारी सभी सेवाओं पर, आपके पास अपनी निजता सेटिंग में बदलाव करने का विकल्प होता है. इससे यह तय किया जा सकता है कि हम आपकी किस तरह की जानकारी इकट्ठा करें और उसका इस्तेमाल कैसे किया जाए.

विषयों को बहुत साफ़ तौर से समझाने के लिए, हमने कुछ उदाहरण, विस्तार से बताने वाले वीडियो और खास शब्दों के लिए परिभाषाएं जोड़ दी हैं. इस निजता नीति के बारे में आपके कोई सवाल हैं, तो आप हमसे संपर्क कर सकते हैं.

---

GOOGLE की ओर से इकट्ठा की गई जानकारी

# हम चाहते हैं कि आप यह समझें कि जब आप हमारी सेवाएं इस्तेमाल करते हैं तो हम आपकी किस तरह की जानकारी इकट्ठा करते हैं.

हम अपने सभी उपयोगकर्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए जानकारी इकट्ठा करते हैं — ये सेवाएं, आप किस भाषा में बात करते हैं जैसी सामान्य जानकारी से लेकर, आपके लिए बेहद उपयोगी विज्ञापन, वे लोग जो ऑनलाइन आपके लिए सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं या आप किन YouTube वीडियो को पसंद कर सकते हैं, जैसी मुश्किल चीज़ों तक का अनुमान लगाती हैं. Google की ओर से इकट्ठा की जाने वाली जानकारी और उस जानकारी का उपयोग, इस बात पर निर्भर करता है कि आप हमारी सेवाओं का उपयोग कैसे करते हैं और आप अपने निजता नियंत्रण को कैसे प्रबंधित करते हैं.

अगर आपने किसी Google खाते में साइन इन नहीं किया है, तो हम आपके इस्तेमाल किए जा रहे ब्राउज़र, ऐप्लिकेशन या डिवाइस के यूनीक आइडेंटिफ़ायर की मदद से जानकारी को इकट्ठा करके सेव करते हैं. इससे हमें कई काम करने में मदद मिलती है, जैसे कि सभी ब्राउज़िंग सेशन में चीज़ों को आपकी पसंद के हिसाब से

दिखाना. उदाहरण के लिए, पेजों को आपकी पसंदीदा भाषा में दिखाना या आपकी गतिविधि के आधार पर ज़्यादा काम के खोज नतीजे या विज्ञापन दिखाना.

जब आप साइन-इन होते हैं तो, हम आपके Google खाते में संग्रह की गई जानकारी को भी इकट्ठा करते हैं, जिसे हम निजी जानकारी मानते हैं.

## आपकी बनाई गई या हमें दी गई चीज़ें

Google खाता बनाते समय, आपको हमें निजी जानकारी देनी होती है, जिसमें आपका नाम और पासवर्ड शामिल होता है. आपके पास, अपने खाते में फ़ोन नंबर या क्रेडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी जोड़ने का विकल्प भी है. भले ही, आपने किसी Google खाते में साइन इन न किया हो, तब भी Google से संपर्क करने या हमारी सेवाओं के बारे में अपडेट पाने के लिए, आपके पास हमें ईमेल पते जैसी जानकारी देने का विकल्प है.

हमारी सेवाओं का उपयोग करते समय हम आपकी बनाई गई सामग्री, अपलोड की गई सामग्री या दूसरों की ओर से आपको भेजी गई सामग्री भी इकट्ठा करते हैं. इसमें आपके लिखे गए और आपको मिलने वाले ईमेल, सेव की गई फ़ोटो और वीडियो, आपके बनाए हुए दस्तावेज़ और स्प्रेडशीट और YouTube वीडियो पर आपकी टिप्पणियां जैसी चीज़ें शामिल हैं.

## हमारी सेवाएं इस्तेमाल करने के दौरान इकट्ठा की गई आपकी जानकारी

### आपके ऐप्लिकेशन, ब्राउज़र और डिवाइस

आप Google सेवाएं एक्सेस करने के लिए जिन ऐप्लिकेशन, ब्राउज़र और डिवाइस का इस्तेमाल करते हैं, हम उनके बारे में जानकारी इकट्ठा करते हैं. इससे हमें कुछ सुविधाएं देने में मदद मिलती है, जैसे कि ऑटोमैटिक प्रॉडक्ट अपडेट और बैटरी कम होने पर स्क्रीन की रोशनी कम करना.

हमारी ओर से इकट्ठा की गई जानकारी में यूनीक पहचानकर्ता, ब्राउज़र का प्रकार और सेटिंग, डिवाइस का प्रकार और सेटिंग, ऑपरेटिंग सिस्टम, मोबाइल और इंटरनेट सेवा देने वाली कंपनी के नाम, फ़ोन नंबर और ऐप्लिकेशन वर्शन नंबर सहित मोबाइल नेटवर्क की जानकारी शामिल होती है. हम आईपी पता, क्रैश रिपोर्ट, सिस्टम गतिविधि और तारीख, समय और आपके अनुरोध किए गए रेफ़रर यूआरएल सहित, हमारी सेवाओं के साथ आपके ऐप्लिकेशन, ब्राउज़र और डिवाइस के इंटरैक्शन के बारे में भी जानकारी इकट्ठा करते हैं.

यह जानकारी हम तब इकट्ठा करते हैं, जब आपके डिवाइस पर मौजूद Google की कोई सेवा हमारे सर्वर से संपर्क करती है - उदाहरण के लिए, जब Play Store से कोई ऐप्लिकेशन इंस्टॉल किया जाता है या कोई सेवा अपने-आप मिलने वाले अपडेट की जांच करती है. अगर आपके पास ऐसा Android डिवाइस है जिस पर Google के ऐप्लिकेशन मौजूद हैं, तो आपका डिवाइस समय-समय पर Google के सर्वर से संपर्क करता है. ऐसा हमारी सेवाओं को आपके डिवाइस और कनेक्शन के बारे में जानकारी देने के लिए किया जाता है. इस जानकारी में, आपको मोबाइल और इंटरनेट सेवा देने वाली कंपनी का नाम और आपका डिवाइस किस तरह का है, क्रैश रिपोर्ट, और आपके इंस्टॉल किए गए ऐप्लिकेशन जैसी चीज़ें शामिल होती हैं. साथ ही, आपके डिवाइस की सेटिंग के हिसाब से, Android डिवाइस को किस तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, इससे जुड़ी दूसरी जानकारी भी Google की सेवाओं को भेजी जाती है.

## आपकी गतिविधि

हम अपनी सेवाओं में आपकी गतिविधि के बारे में जानकारी इकट्ठा करते हैं, जिसका इस्तेमाल हम आपकी पसंद के हिसाब से YouTube वीडियो के सुझाव देने जैसे कामों के लिए करते हैं. हम जो गतिविधि की जानकारी इकट्ठा करते हैं, उसमें ये चीज़ें शामिल हो सकती हैं:

- आपके खोजे गए शब्द
- आपके देखे जाने वाले वीडियो
- देखी गई सामग्री और विज्ञापन और उनके साथ इंटरैक्शन
- आवाज़ और ऑडियो की जानकारी
- खरीदारी की गतिविधि
- जिन लोगों से आप संपर्क करते हैं या सामग्री शेयर करते हैं
- हमारी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले तीसरे पक्ष की साइट और ऐप्लिकेशन पर गतिविधि
- हमारे Google खाते के साथ सिंक किया गया Chrome ब्राउज़िंग का आपका इतिहास

अगर आप हमारी सेवाओं का इस्तेमाल करके कॉल करते और लेते हैं या मैसेज भेजते और पाते हैं, तो हम आपके कॉल और मैसेज लॉग से जुड़ी जानकारी इकट्ठी कर सकते हैं. इसमें आपका फ़ोन नंबर, कॉल करने और लेने वालों के फ़ोन नंबर, फ़ॉरवर्डिंग (दूसरे नंबर पर कॉल भेजना) नंबर, ईमेल भेजने और पाने वालों के पते, कॉल और मैसेज की तारीख और समय, कॉल की अवधि, रूटिंग की जानकारी, और कॉल और मैसेज के टाइप और वॉल्यूम जैसी जानकारी शामिल होती है.

आप अपने खाते में सेव की गई गतिविधि संबंधी जानकारी का पता लगाने और उसे प्रबंधित करने के लिए अपने Google खाते को देख सकते हैं.

Google खाते पर जाएं

## आपकी जगह की जानकारी

जब हमारी सेवाओं का इस्तेमाल किया जाता है, तो हम आपकी जगह की जानकारी इकट्ठा करते हैं. इससे हमें आपको कुछ सुविधाएं देने में मदद मिलती है. जैसे, आपको ड्राइविंग से जुड़े दिशा-निर्देश देना, आपके आस-पास की चीज़ों के हिसाब से खोज के नतीजे दिखाना, और आपकी जगह की जानकारी के हिसाब से विज्ञापन दिखाना.

आपके चुने गए प्रॉडक्ट और सेटिंग के आधार पर, Google अलग-अलग तरह की जगह की जानकारी का इस्तेमाल कर सकता है. इससे कुछ ऐसे प्रॉडक्ट और सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलती है जिन्हें आपने इस्तेमाल किया है. इनमें ये शामिल हैं:

- जीपीएस का डेटा और आपके डिवाइस का अन्य सेंसर डेटा
- IP पता
- Google की सेवाओं पर की गई आपकी गतिविधि, जैसे कि आपकी खोजों या घर या ऑफ़िस के तौर पर लेबल की गई जगहें
- आपके डिवाइस के पास की चीज़ों के बारे में जानकारी, जैसे कि वाई–फ़ाई एक्सेस पॉइंट, मोबाइल टावर और ब्लूटूथ सुविधा वाले डिवाइस

हम आपकी जगह की जानकारी का किस तरह का डेटा इकट्ठा करते हैं और कितने समय तक उसे सेव रखते हैं, यह कुछ हद तक आपके डिवाइस और खाते की सेटिंग पर निर्भर करता है. उदाहरण के लिए, डिवाइस के सेटिंग ऐप्लिकेशन का इस्तेमाल करके, Android डिवाइस की जगह की जानकारी को चालू या बंद किया जा सकता है. अगर आपको उन जगहों का निजी मैप बनाना है जहां आपके साइन इन किए गए डिवाइस ले जाए गए थे, तो जगह की जानकारी के इतिहास की सुविधा चालू की जा सकती है. इसके अलावा, अगर आपकी वेब और ऐप्लिकेशन गतिविधि की सेटिंग चालू है, तो Google की सेवाओं पर की गई आपकी खोजें और दूसरी गतिविधियों की जानकारी आपके Google खाते में सेव की जाती है. इन गतिविधियों में, आपकी जगह की जानकारी भी शामिल हो सकती है. जगह की जानकारी का इस्तेमाल करने के हमारे तरीके के बारे में ज़्यादा जानें.

कुछ मामलों में, Google सार्वजनिक रूप से ऐक्सेस किए जा सकने वाले सोर्स की मदद से भी, आपके बारे में जानकारी इकट्ठा करता है. उदाहरण के लिए, अगर आपका नाम आपके स्थानीय अखबार में आता है, तो Google का सर्च इंजन उस लेख को इंडेक्स कर सकता है. साथ ही, जब दूसरे लोग आपका नाम खोजते हैं, तब उन्हें वह लेख दिखाया जा सकता है. हम आपके बारे में भरोसेमंद पार्टनर से भी जानकारी इकट्ठा कर सकते हैं. इनमें शामिल हैं: ऐसी डायरेक्ट्री सेवाएं जो Google की सेवाओं पर दिखाने के लिए हमें कारोबार से जुड़ी जानकारी देती हैं, ऐसे मार्केटिंग पार्टनर जो हमारी कारोबारी सेवाओं के संभावित ग्राहकों के बारे में जानकारी देते हैं, और सुरक्षा से जुड़े ऐसे पार्टनर जो हमें सेवाओं के गलत इस्तेमाल से सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हैं. हमें विज्ञापन देने वाले पार्टनर से भी जानकारी मिलती है, ताकि हम उनकी ओर से विज्ञापन और अनुसंधान सेवाएं उपलब्ध करा सकें.

हम जानकारी जुटाने और उसे संग्रह करने के लिए बहुत सारी तकनीकों का उपयोग करते हैं, जिनमें शामिल हैं कुकीज़, पिक्सेल टैग, स्थानीय मेमोरी, जैसे कि ब्राउज़र वेब मेमोरी या ऐप्लिकेशन डेटा कैश, डेटाबेस और सर्वर लॉग.

---

GOOGLE डेटा इकट्ठा क्यों करता है

# हम सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए डेटा का उपयोग करते हैं

हम इन उद्देश्यों के लिए अपनी सभी सेवाओं से संग्रहित जानकारी का उपयोग करते हैं:

## अपनी सेवाएं देना

हम आपकी जानकारी का इस्तेमालअपनी सेवाएं देने के लिए करते हैं, जैसे कि नतीजे देने के लिए आपके खोज शब्दों को प्रोसेस करना या आपके संपर्कों से कुछ सुझाव देकर सामग्री शेयर करने में आपकी मदद करना.

## हमारी सेवाओं का रखरखाव और सुधार

हम आपकी जानकारी का इस्तेमाल यह पक्का करने के लिए भी करते हैं कि हमारी सेवाएं तय किए गए ढंग से काम कर रही हैं, जैसे कि ट्रैकिंग में रुकावट या हमें रिपोर्ट की गई आपकी समस्याओं के समाधान. हम अपनी सेवाओं में सुधार करने के लिए आपकी जानकारी का इस्तेमाल करते हैं — जैसे, यह समझना कि किन खोज शब्दों के लिए गलत वर्तनी का सबसे ज़्यादा इस्तेमाल किया जाता है. इससे हमें सारी सेवाओं में इस्तेमाल की जाने वाली वर्तनी-जांच सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायता मिलती है.

## नई सेवाएं विकसित करना

हम नई सेवाओं को विकसित करने में सहायता के लिए मौजूदा सेवाओं में इकट्ठा की गई जानकारी का उपयोग करते हैं. उदाहरण के लिए, Google के पहले फ़ोटो ऐप्लिकेशन Picasa में लोग किस तरह फ़ोटो व्यवस्थित करते थे, इस जानकारी के बाद हमें Google फ़ोटो को डिज़ाइन करने और उसे लॉन्च करने में बहुत मदद मिली.

## सामग्री और विज्ञापनों सहित मनमुताबिक बनाई गई सेवाएं देना

हम इकट्ठा की गई जानकारी का इस्तेमाल, अपनी सेवाओं को आपकी पसंद के मुताबिक बनाने के लिए करते हैं. इसमें सुझाव देना, आपके हिसाब से बनाया गया कॉन्टेंट, और आपकी पसंद के मुताबिक खोज के नतीजे दिखाना शामिल है. उदाहरण के लिए, सुरक्षा जांच की सुविधा, Google के प्रॉडक्ट का इस्तेमाल करने के आपके तरीके के हिसाब से सुरक्षा से जुड़ी सलाह देती है. साथ ही, आपकी उपलब्ध सेटिंग के आधार पर, Google Play नए ऐप्लिकेशन का सुझाव देने के लिए, पहले से इंस्टॉल किए गए ऐप्लिकेशन और YouTube पर आपके देखे गए वीडियो जैसी जानकारी का इस्तेमाल कर सकता है.

आपकी सेटिंग के हिसाब से, हम आपको दिलचस्पी के मुताबिक विज्ञापन भी दिखा सकते हैं. ये विज्ञापन, Google की सभी सेवाओं पर आपकी गतिविधि और पसंद के आधार पर दिखाए जाएंगे. उदाहरण के लिए, अगर आपने "माउंटेन बाइक" के बारे में खोज की है, तो आपको YouTube पर खेल के सामान से जुड़े विज्ञापन दिख सकते हैं. हालांकि, आपके पास मेरा विज्ञापन केंद्र में विज्ञापन की सेटिंग में जाकर, यह तय करने का विकल्प होता है कि हम आपको विज्ञापन दिखाने के लिए, आपकी किस जानकारी का इस्तेमाल करें.

- हम आपको संवेदनशील श्रेणियों, जैसे कि जाति, धर्म, यौन रुझान या स्वास्थ्य, पर आधारित मनमुताबिक बनाए गए विज्ञापन नहीं दिखाते हैं.

- हम Drive, Gmail या Photos में मौजूद आपके कॉन्टेंट के आधार पर, आपको आपके हिसाब से विज्ञापन नहीं दिखाते हैं.

- हम ऐसी जानकारी शेयर नहीं करते हैं जो व्यक्तिगत रूप से विज्ञापनदाताओं के सामने आपकी पहचान कराती है, जैसे कि आपका नाम या ईमेल, जब तक कि आप हमसे ऐसा करने के लिए न कहें. उदाहरण के लिए, अगर आप आस-पास की किसी फूल की दुकान का विज्ञापन देखते हैं और "कॉल करने के लिए टैप करें" बटन को चुनते हैं, तो हम आपका कॉल कनेक्ट करेंगे और फूलों की दुकान के साथ आपका फ़ोन नंबर शेयर कर सकते हैं.

---

'मेरा विज्ञापन केंद्र' पर जाएं

---

## परफ़ॉर्मेंस का आकलन करना

हमारी सेवाओं का इस्तेमाल कैसे किया जाता है, यह समझने के लिए, हम आंकड़े देखने और आकलन करने के मकसद से डेटा का इस्तेमाल करते हैं. उदाहरण के लिए, हम प्रॉडक्ट के डिज़ाइन को ऑप्टिमाइज़ करने जैसे कामों के लिए, हमारी साइटों पर आपके आने से जुड़े डेटा का विश्लेषण करते हैं. हम आपके देखे जाने वाले विज्ञापनों से जुड़े डेटा का भी इस्तेमाल करते हैं. इसमें Google Search में की गई आपकी गतिविधि का डेटा शामिल होता है. इससे विज्ञापन देने वालों को अपने विज्ञापन कैंपेन की परफ़ॉर्मेंस को समझने में मदद मिलती है. इसके लिए, हम कई तरह के टूल इस्तेमाल करते हैं, जिनमें Google Analytics भी शामिल है. Google Analytics के ग्राहक उस साइट या ऐप्लिकेशन से आपकी गतिविधि की जानकारी को ऐसी अन्य साइटों या ऐप्लिकेशन पर की गई गतिविधि के साथ लिंक करने की अनुमति Google को दे सकते हैं जो हमारी विज्ञापन सेवाओं का इस्तेमाल करती हैं. ऐसा तब किया जा सकता है, जब उपयोगकर्ता, Google Analytics का इस्तेमाल करने वाली किसी साइट या ऐप्लिकेशन का इस्तेमाल करता है.

## आपके साथ संवाद

हम इकट्ठा की गई जानकारी, जैसे कि आपका ईमेल पता, का इस्तेमाल आपके साथ सीधे बातचीत करने के लिए करते हैं. उदाहरण के लिए, अगर हमें किसी संदिग्ध गतिविधि का पता चलता है तो हम आपको सूचना भेज सकते हैं, जैसे कि किसी अलग सी जगह से आपके Google खाते में साइन इन करने की कोशिश. या हम आपको आगे किए जाने वाले बदलावों या हमारी सेवाओं में सुधार के बारे में बता सकते हैं. अगर आप Google से संपर्क करते हैं तो, आपको आ रही किसी भी समस्या के समाधान में सहायता के लिए हम आपके अनुरोध का रिकॉर्ड रखेंगे.

## Google, हमारे उपयोगकर्ताओं और जनता को सुरक्षित रखना

हम इस जानकारी का इस्तेमाल अपनी सेवाओं की सुरक्षा और विश्वसनीयता को बेहतर बनाने के लिए करते हैं. इसमें धोखाधड़ी, गलत इस्तेमाल, सुरक्षा से जुड़े खतरों के साथ-साथ तकनीकी समस्याओं की पहचान करना, उन्हें रोकना, और उन पर कार्रवाई करना शामिल है. इस तरह की समस्याओं से, Google, हमारे उपयोगकर्ताओं या जनता को नुकसान पहुंच सकता है.

---

हम इन उद्देश्यों के लिए आपकी जानकारी को प्रोसेस करने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करते हैं. हम अपने आप काम करने वाले ऐसे सिस्टम का उपयोग करते हैं जो आपकी सामग्री का विश्लेषण करके आपको, आपकी पसंद के मुताबिक खोज नतीजे और मनमुताबिक बनाए गए विज्ञापन उपलब्ध करवाते हैं. साथ ही, हमारी सेवाओं के आपके उपयोग के मुताबिक बनाई गई दूसरी सुविधाएं भी आपको देते हैं. हम स्पैम, मैलवेयर और गैरकानूनी सामग्री जैसे दुर्व्यवहार का पता लगाने में हमारी सहायता के लिए आपकी सामग्री का विश्लेषण करते हैं. हम डेटा पैटर्न को पहचानने के लिए एल्गोरिद्म का भी उपयोग करते हैं. उदाहरण के लिए, Google अनुवाद आप (लोगों) के पूछे गए वाक्यांशों में सामान्य पैटर्न का पता लगाकर लोगों की सारी भाषाओं में संचार करने में मदद करता है.

हम अपनी सभी सेवाओं और आपके सभी डिवाइसों से इकट्ठा की गई जानकारी का इस्तेमाल, ऊपर बताए गए कामों के लिए कर सकते हैं. उदाहरण के लिए, आपकी उपलब्ध सेटिंग के आधार पर, अगर आपने गिटार बजाने वालों के वीडियो YouTube पर देखे हैं, तो हमारे प्रॉडक्ट का इस्तेमाल करने वाली किसी साइट पर, आपको गिटार सिखाने से जुड़ा विज्ञापन दिख सकता है. आपकी खाता सेटिंग के आधार पर, दूसरी साइटों और ऐप्लिकेशन पर की गई आपकी गतिविधि को आपकी निजी जानकारी में जोड़ा जा सकता है. ऐसा Google की सेवाओं और दिखाए जाने वाले विज्ञापनों को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है.

अगर अन्य उपयोगकर्ताओं के पास पहले से आपका ईमेल पता या कोई और जानकारी है जिससे आपकी पहचान होती है, तो हम उन्हें आपकी सार्वजनिक रूप से दिखाई देने वाली Google खाते से जुड़ी जानकारी, जैसे कि आपका नाम और फ़ोटो दिखा सकते हैं. यह आपसे मिलने वाले ईमेल की पहचान करने में लोगों की सहायता करता है.

इस निजता नीति में शामिल नहीं किए गए उद्देश्य के लिए आपकी जानकारी का उपयोग करने से पहले हम आपकी सहमति मांगेंगे.

---

---

आपके निजता नियंत्रण

# आपकी जानकारी इकट्ठा करने और उसके उपयोग के बारे में तय करने के लिए आपके पास विकल्प होते हैं.

यह सेक्शन हमारी सारी सेवाओं में आपकी निजता के प्रबंधन के लिए ज़रूरी नियंत्रणों के बारे में बताता है. आप निजता जांच की सुविधा भी देख सकते हैं, जो महत्वपूर्ण निजता सेटिंग की समीक्षा करने और उसमें बदलाव करने का अवसर देती है. इन टूल के अलावा हम अपने उत्पादों में विशिष्ट निजता सेटिंग भी देते हैं — आप हमारी उत्पाद निजता गाइड में ज़्यादा जानकारी पा सकते हैं.

निजता जांच पर जाएं

# अपनी जानकारी का प्रबंधन, समीक्षा और अपडेट करना

जब आप साइन-इन होते हैं तो, आप उपयोग की जा रही सेवाओं पर जाकर कभी भी जानकारी की समीक्षा कर सकते हैं और उसे अपडेट कर सकते हैं. उदाहरण के लिए, फ़ोटो और डिस्क, दोनों, Google के साथ सेव की गई विशिष्ट तरह की सामग्री को प्रबंधित करने में आपकी सहायता के लिए डिज़ाइन किए गए हैं.

हमने आपके लिए, Google खाते में सेव की गई जानकारी की समीक्षा करने और नियंत्रण करने के लिए एक जगह भी बनाई है. आपके Google खाते में शामिल है:

## निजता नियंत्रण

### गतिविधि नियंत्रण

तय करें कि आपको किस तरह की गतिविधि अपने खाते में सेव करनी है. उदाहरण के लिए, अगर आपने YouTube पर गतिविधियों का इतिहास चालू किया है, तो आपके देखे जाने वाले वीडियो और आपकी खोजों की जानकारी, आपके खाते में सेव हो जाती है. इसकी मदद से, आपको बेहतर सुझाव दिए जाते हैं और यह याद रखा जाता है कि आपने पिछली बार किसी वीडियो को कहां तक देखा था. इसके अलावा, अगर आपकी वेब और ऐप्लिकेशन गतिविधि की सेटिंग चालू है, तो Google की दूसरी सेवाओं पर की गई आपकी खोजों और गतिविधियों की जानकारी, आपके Google खाते में सेव की जाती है. ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि आपको अपनी पसंद के मुताबिक बेहतर अनुभव मिल सके. जैसे, तेज़ी से खोजने की सुविधा, ज़्यादा काम के ऐप्लिकेशन और कॉन्टेंट के सुझाव. वेब और ऐप्लिकेशन गतिविधि की सेटिंग में, एक सबसेटिंग भी होती है. इसकी मदद से, यह तय किया जा सकता

है कि Google की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाली दूसरी साइटों, ऐप्लिकेशन, और डिवाइसों पर की गई आपकी गतिविधि की जानकारी आपके Google खाते में सेव की जाए या नहीं. साथ ही, इसका इस्तेमाल Google की सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए किया जाए या नहीं. सेव की जाने वाली गतिविधियों में, Android डिवाइस पर आपके इंस्टॉल और इस्तेमाल किए जाने वाले ऐप्लिकेशन जैसी जानकारी शामिल होती है.

गतिविधि नियंत्रण पर जाएं

---

### विज्ञापन सेटिंग

Google पर और ऐसे साइट और ऐप्लिकेशन पर, जो विज्ञापन दिखाने के लिए Google के साथ भागीदारी करते हैं, आपको दिखाए जाने वाले विज्ञापनों की अपनी पसंद को प्रबंधित करें. आप अपनी दिलचस्पी बदल सकते हैं और यह चुन सकते हैं कि आपकी निजी जानकारी का उपयोग विज्ञापनों को आपके लिए ज़्यादा प्रासंगिक बनाने के लिए किया जाए या नहीं. इसके अलावा, कुछ विज्ञापन सेवाओं को चालू या बंद कर सकते हैं.

'मेरा विज्ञापन केंद्र' पर जाएं

---

### आपके बारे में

अपने Google खाते में दी गई निजी जानकारी को मैनेज करें और यह तय करें कि Google की सभी सेवाओं पर कौन यह जानकारी देख सकता है.

आपके बारे में, पर जाएं

---

### शेयर किए गए अनुमोदन (एंडॉर्समेंट)

चुनें कि आपका नाम और फ़ोटो, विज्ञापनों में दिखाई देने वाली समीक्षाओं और सुझावों की तरह आपकी गतिविधि के बगल में दिखाई दें या नहीं.

शेयर किए गए अनुमोदन (एंडॉर्समेंट) पर जाएं

---

### Google की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाली साइटें और ऐप्लिकेशन

वह जानकारी मैनेज करें जिसे Google Analytics जैसी Google की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाली वेबसाइटें और ऐप्लिकेशन, Google के साथ शेयर कर सकते हैं. यह जानकारी आपके उन वेबसाइटों और ऐप्लिकेशन पर जाने या उनका इस्तेमाल करने के दौरान इकट्ठा की जाती है.

Google अपनी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाली साइटों या ऐप्लिकेशन की जानकारी का इस्तेमाल कैसे करता है लेख पर जाएं

---

## अपनी जानकारी की समीक्षा और अपडेट करने के तरीके

### मेरी गतिविधि

'मेरी गतिविधि' सेक्शन में जाकर, अपने Google खाते में मौजूद डेटा को देखा और कंट्रोल किया जा सकता है. यह डेटा तब सेव किया जाता है, जब कोई उपयोगकर्ता Google की सेवाओं पर साइन इन करके, उनका इस्तेमाल करता है, जैसे कि जानकारी खोजना या Google Play का इस्तेमाल करना. इसके अलावा, गतिविधि को तारीख और विषय के हिसाब से ब्राउज़ किया जा सकता है और अपनी कुछ या सभी गतिविधियां मिटाई जा सकती हैं.

मेरी गतिविधि पर जाएं

---

### Google डैशबोर्ड

Google डैशबोर्ड आपको विशिष्ट उत्पादों से जुड़ी जानकारी का प्रबंधन करने की अनुमति देता है.

डैशबोर्ड पर जाएं

---

### आपकी निजी जानकारी

अपनी संपर्क जानकारी प्रबंधित करें, जैसे कि आपका नाम, ईमेल और फ़ोन नंबर.

निजी जानकारी पर जाएं

---

जब आप साइन-आउट होते हैं तो, आप अपने ब्राउज़र या डिवाइस से जुड़ी जानकारी का प्रबंधन कर सकते हैं, जिसमें शामिल हैं:

- साइन-आउट होने पर खोज करने की सुविधा मनमुताबिक बनाना: चुनें कि आपकी खोज गतिविधि का उपयोग आपको ज़्यादा प्रासंगिक परिणाम और सुझाव देने के लिए किया जाए या नहीं.

- YouTube सेटिंग: रोकें और अपने YouTube खोज इतिहास और अपने YouTube के देखने के इतिहास को मिटाएं.

- विज्ञापन सेटिंग: Google पर और ऐसे साइट और ऐप्लिकेशन पर, जो विज्ञापन दिखाने के लिए Google के साथ भागीदारी करते हैं, आपको दिखाए जाने वाले विज्ञापनों की अपनी पसंद को प्रबंधित करें.

# आपकी जानकारी को दूसरी जगह भेजना, हटाना और मिटाना

अगर आप सामग्री का बैक अप लेना चाहते हैं या Google से बाहर किसी सेवा में उसका उपयोग करना चाहते हैं, तो आप अपने Google खाते में सामग्री की कॉपी भेज सकते हैं.

---

अपना डेटा दूसरी जगह भेजें

---

अपनी जानकारी मिटाने के लिए, आप यह कर सकते हैं:

- विशिष्ट Google सेवाओं से अपनी सामग्री मिटाएं
- मेरी गतिविधि का उपयोग करके अपने खाते में विशिष्ट आइटम खोजें और फिर उन्हें मिटाएं
- उत्पादों से जुड़ी आपकी जानकारी के साथ, विशिष्ट Google उत्पादों को मिटाएं.
- अपना पूरा Google खाता मिटाएं

---

अपनी जानकारी मिटाएं

---

इनऐक्टिव अकाउंट मैनेजर की मदद से, आपको अपने Google खाते के कुछ हिस्सों का ऐक्सेस, किसी और को देने की सुविधा मिलती है. इससे खाते में अचानक कोई समस्या आने पर, तुरंत उसका हल निकाला जा सकता है.

साथ ही, आपके पास हमारी नीतियों और लागू कानून के आधार पर, Google की कुछ चुनिंदा सेवाओं से कॉन्टेंट हटाने का अनुरोध करने का विकल्प भी मौजूद है.

---

Google की इकट्ठा की गई जानकारी को नियंत्रित करने के और भी तरीके हैं, भले ही आपने Google खाते में साइन-इन किया हो या नहीं। इसमें शामिल हैं:

- ब्राउज़र सेटिंग: उदाहरण के लिए, आप अपने ब्राउज़र को यह बताने के लिए कॉन्फ़िगर कर सकते हैं कि कब Google ने आपके ब्राउज़र में कुकी सेट की है. आप किसी विशिष्ट डोमेन या सभी डोमेन से

सभी कुकीज़ को ब्लॉक करने के लिए भी अपने ब्राउज़र को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं. लेकिन याद रखें कि हमारी सेवाएं आपकी भाषा की पसंद को याद रखने जैसी चीज़ों के लिए ठीक तरह काम करने के लिए कुकी पर निर्भर करती हैं.

- डिवाइस-स्तर पर सेटिंग: आपके डिवाइस में ऐसे नियंत्रण हो सकते हैं जो तय करते हैं कि हम किस तरह की जानकारी इकट्ठा करते हैं. उदाहरण के लिए, आप अपने Android डिवाइस पर जगह की जानकारी की सेटिंग में बदलाव कर सकते हैं.

---

आपकी जानकारी शेयर करना

## जब आप अपनी जानकारी शेयर करते हैं

हमारी कई सेवाएं आपको दूसरे लोगों के साथ जानकारी शेयर करने देती हैं और आप अपने शेयर करने के तरीके को नियंत्रित कर सकते हैं. उदाहरण के लिए, आप YouTube पर वीडियो को सार्वजनिक रूप से शेयर कर सकते हैं या आप अपने वीडियो को निजी रखने का फ़ैसला ले सकते हैं. याद रखें, जब आप सार्वजनिक रूप से जानकारी शेयर करते हैं, तो आपकी सामग्री Google खोज सहित सर्च इंजन के ज़रिए भी एक्सेस की जा सकती है.

आप जब Google की कुछ सेवाओं में साइन इन करके कोई गतिविधि करते हैं, तो उस गतिविधि के बगल में आपका नाम और फ़ोटो दिखती है. इन गतिविधियों में किसी YouTube वीडियो पर टिप्पणियां करना या Play पर किसी ऐप्लिकेशन की समीक्षा करना शामिल हैं. हम यह जानकारी आपकी 'मित्रों से सुझाव' की सेटिंग के आधार पर दिखाए जाने वाले विज्ञापनों में भी दिखा सकते हैं.

## जब Google आपकी जानकारी शेयर करता है

हम आपकी निजी जानकारी कंपनियों, संगठनों या Google के बाहर के व्यक्तियों के साथ शेयर नहीं करते हैं. इसमें नीचे दिए गए मामले शामिल नहीं हैं:

### आपकी सहमति से

हम आपकी सहमति मिलने पर ही, Google के बाहर आपकी निजी जानकारी शेयर करेंगे. उदाहरण के लिए, अगर आपने किसी बुकिंग सेवा के ज़रिए बुकिंग करने के लिए, Google Home का इस्तेमाल किया

है, तो उस रेस्टोरेंट के साथ आपका नाम और फ़ोन नंबर शेयर करने से पहले, हम आपकी अनुमति लेंगे. हम आपको तीसरे पक्ष के उन ऐप्लिकेशन और साइटों की समीक्षा करने और उन्हें मैनेज करने के लिए कंट्रोल भी देते हैं जिन्हें आपने अपने Google खाते में मौजूद डेटा का ऐक्सेस दिया है. हम कोई भी संवेदनशील निजी जानकारी शेयर करने के लिए, आपसे साफ़ तौर पर सहमति मांगेंगे.

## डोमेन व्यवस्थापकों के साथ

अगर आप छात्र हैं या ऐसे संगठन के लिए काम करते हैं जो Google सेवाओं का उपयोग करता है, तो आपके खाते का प्रबंधन करने वाले डोमेन एडमिन और दोबारा बेचने वालों (रीसेलर) को आपके Google खाते का एक्सेस होगा. वे ये काम कर सकते हैं:

- आपके खाते में संग्रहित जानकारी एक्सेस करना और उसे बनाए रखना, जैसे कि आपका ईमेल
- आपके खाते के बारे में आंकड़े देखना, जैसे कि आप कितने ऐप्लिकेशन इंस्टॉल करते हैं
- आपके खाते का पासवर्ड बदलना
- आपके खाते के एक्सेस को निलंबित करना या बंद करना
- लागू कानून, नियम, कानूनी प्रक्रिया या लागू करने लायक सरकारी अनुरोध के अनुसार आपके खाते की जानकारी पाना
- आपकी जानकारी या आपकी निजता सेटिंग को मिटाने या उसमें बदलाव करने की आपकी क्षमता पर पाबंदी लगाना

## बाहरी प्रोसेसिंग के लिए

हम अपने सहयोगियों और अन्य भरोसेमंद कारोबारों या व्यक्तियों को निजी जानकारी देते हैं, ताकि वे हमारे लिए, उस जानकारी को प्रोसेस कर सकें. जानकारी को हमारे निर्देशों के आधार पर और हमारी निजता नीति के तहत प्रोसेस किया जाता है. साथ ही, इसे गोपनीयता और सुरक्षा के दूसरे तरीकों को ध्यान में रखकर प्रोसेस किया जाता है. उदाहरण के लिए, हम अपने डेटा सेंटर को ऑपरेट करने, प्रॉडक्ट और सेवाएं उपलब्ध कराने, हमारी आंतरिक कारोबारी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ ग्राहकों और उपयोगकर्ताओं को अन्य सहायता देने के लिए, सेवा देने वाली कंपनियों की मदद लेते हैं. इसके अलावा, उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के मकसद से, YouTube वीडियो के कॉन्टेंट की समीक्षा करने के लिए भी, हम सेवा देने वाली कंपनियों की मदद लेते हैं. साथ ही, इनका इस्तेमाल उपयोगकर्ता के सेव किए गए ऑडियो के नमूनों को सुनने और उनका विश्लेषण करने के लिए भी किया जाता है. ऐसा आवाज़ की पहचान करने वाली Google की टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है.

### कानूनी कारणों से

हम निजी जानकारी को Google से बाहर सिर्फ़ तब शेयर करेंगे, जब हमें भरोसा हो कि इन वजहों से जानकारी को ज़ाहिर करना ज़रूरी है:

- लागू होने वाले कानून, नियम, कानूनी प्रक्रिया या लागू होने वाले सरकारी अनुरोध का जवाब देना. हमें सरकार से कितने और किस तरह के अनुरोध मिलते हैं, इसकी जानकारी हम अपनी पारदर्शिता रिपोर्ट में शेयर करते हैं.
- लागू होने वाली सेवा की शर्तों को एन्फ़ोर्स करना, जिसमें संभावित उल्लंघनों की जांच भी शामिल है.
- धोखाधड़ी, सुरक्षा या तकनीकी समस्याओं का पता लगाना, रोकना या उनका समाधान करना.
- हमारे उपयोगकर्ताओं, आम लोगों या Google के अधिकारों, संपत्ति या सुरक्षा को नुकसान पहुंचने से बचाना.

हम गैर-व्यक्तिगत रूप से पहचान लायक जानकारी को सार्वजनिक रूप से और प्रकाशक, विज्ञापनदाता, डेवलपर या अधिकार धारकों जैसे — हमारे भागीदारों के साथ शेयर कर सकते हैं. उदाहरण के लिए, हम अपनी सेवाओं के सामान्य उपयोग के बारे में रुझान दिखाने के लिए सार्वजनिक रूप से जानकारी शेयर कर सकते हैं. हम आपके ब्राउज़र या डिवाइस से विज्ञापन और माप के उद्देश्य से अपने खुद के कुकीज़ या समान तकनीकों का उपयोग करते हुए जानकारी इकट्ठा करने की भी विशिष्ट भागीदारों को अनुमति देते हैं.

अगर Google किसी विलय, अधिग्रहण या परिसंपत्तियों की बिक्री में शामिल है तो, हम आपकी निजी जानकारी को गोपनीय रखेंगे और इससे पहले कि निजी जानकारी ट्रांसफ़र की जाए या अलग निजता नीति के तहत हो जाए, प्रभावित उपयोगकर्ताओं को नोटिस देंगे.

---

अपनी जानकारी को सुरक्षित रखना

## आपकी जानकारी की सुरक्षा के लिए हम अपनी सेवाओं में सुरक्षा का इंतज़ाम करते हैं

सभी Google उत्पादों को मजबूत सुरक्षा सुविधाओं के साथ बनाया गया है जो आपकी जानकारी को लगातार सुरक्षित रखते हैं. अपनी सेवाओं को चलाने की वजह से मिली अहम जानकारी हमें सुरक्षा खतरों को पहचानने और उन्हें आप तक पहुंचने से पहले ही अपने आप रोक देने में सहायता करती है. अगर हमें वाकई किसी खतरनाक चीज़ का पता लगता है और हमें लगता है कि इसके बारे में आपको पता होना चाहिए, तो हम आपको इसकी सूचना देंगे और बेहतर रूप से सुरक्षित रहने के लिए कदम उठाने में आपकी मदद करेंगे.

हम आपको और Google को अनधिकृत एक्सेस, बदलाव, खुलासे या हमारे पास मौजूद जानकारी को नष्ट होने से बचाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, जिसमें शामिल हैं:

- ट्रांज़िट करते समय हम आपके डेटा को निजी रखने के लिए एन्क्रिप्शन का उपयोग करते हैं
- हम आपके खाते को सुरक्षित रखने में आपकी सहायता के लिए सुरक्षित ब्राउज़िंग, सुरक्षा जांच और 2 चरण सत्यापन जैसी सुरक्षा सुविधाएं पेश करते हैं
- हम अपने सिस्टम के अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए सामान्य सुरक्षा उपायों सहित जानकारी इकट्ठा करने, उसे स्टोर करने और उसे प्रोसेस करने के अपने तरीकों की समीक्षा करते हैं
- हम ऐसे Google कर्मचारियों, ठेकेदारों और एजेंटों को ही निजी जानकारी का एक्सेस देते हैं, जिन्हें जानकारी प्रोसेस करने के लिए उसकी ज़रूरत है. एक्सेस प्राप्त कोई भी व्यक्ति कड़े नियमों वाले गोपनीयता समझौते के तहत काम करता है और इस समझौते का पालन न कर पाने पर उसके ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है या उसे बरखास्त किया जा सकता है.

---

आपकी जानकारी को दूसरी जगह भेजना और मिटाना

## आप अपनी जानकारी की एक कॉपी कहीं भेज सकते हैं या इसे अपने Google खाते से किसी भी समय मिटा सकते हैं

अगर आप सामग्री का बैक अप लेना चाहते हैं या Google से बाहर किसी सेवा में उसका उपयोग करना चाहते हैं, तो आप अपने Google खाते में सामग्री की कॉपी भेज सकते हैं.

अपना डेटा दूसरी जगह भेजें

अपनी जानकारी मिटाने के लिए, आप यह कर सकते हैं:

- विशिष्ट Google सेवाओं से अपनी सामग्री मिटाएं
- मेरी गतिविधि का उपयोग करके अपने खाते में विशिष्ट आइटम खोजें और फिर उन्हें मिटाएं
- उत्पादों से जुड़ी आपकी जानकारी के साथ, विशिष्ट Google उत्पादों को मिटाएं.
- अपना पूरा Google खाता मिटाएं

अपनी जानकारी मिटाएं

## आपकी जानकारी को बनाए रखने की वजह और तरीका

डेटा किस तरह का है, हम इसका इस्तेमाल कैसे करते हैं, और आपने सेटिंग कैसे कॉन्फ़िगर की है, इस आधार पर हम इकट्ठा किए गए डेटा को अलग-अलग समय के लिए रखते हैं:

- आपके पास कुछ डेटा को, किसी भी समय मिटाने का विकल्प मौजूद है. इसमें आपकी निजी जानकारी या आपका अपलोड या तैयार किया गया कॉन्टेंट, जैसे कि फ़ोटो और दस्तावेज़ शामिल हैं. खाते में सेव की गई, गतिविधि से जुड़ी जानकारी को किसी भी समय मिटाया जा सकता है. इसके अलावा, आपके पास तय समयसीमा के बाद, इस जानकारी के अपने-आप मिट जाने की सुविधा चुनने का भी विकल्प है. हम इस डेटा को आपके Google खाते में तब तक सेव रखेंगे, जब तक आप इसे खुद न हटाएं या अपने-आप हटाए जाने का विकल्प न चुनें.
- अन्य डेटा समय की तय अवधि के बाद अपने आप मिटा दिया जाता है या उससे जुड़े उपयोगकर्ता की पहचान छिपा दी जाती है. जैसे कि सर्वर के लॉग में विज्ञापन का डेटा.
- हम कुछ डेटा को तब तक अपने पास रखते हैं जब तक आप अपना Google खाता नहीं मिटा देते. जैसे, यह जानकारी कि आप हमारी सेवाओं का किस तरह इस्तेमाल करते हैं.
- कानून या कारोबार से जुड़ी वैध ज़रूरतों के लिए कुछ डेटा हम ज़्यादा समय के लिए रखते हैं. जैसे कि धोखाधड़ी और डेटा के गलत इस्तेमाल को रोकने, वित्तीय रिकॉर्ड रखने या सुरक्षा के लिए.

जब आप डेटा को मिटाते हैं, तब हम डेटा मिटाने की एक खास प्रक्रिया का पालन करते हैं. ऐसा हम यह पक्का करने के लिए करते हैं कि आपका डेटा हमारे सर्वर से सुरक्षित तरीके से और पूरी तरह हटा दिया या है या इसे इस तरह रखा गया है जिससे उपयोगकर्ता की पहचान ज़ाहिर न हो. हम यह भी पक्का करने की कोशिश करते हैं कि हमारी सेवाओं में मौजूद जानकारी को गलती से या गलत इरादे से मिटाया न जा सके. इस वजह से, आपके कुछ जानकारी मिटाने और हमारे चालू और बैकअप सिस्टम से उसकी कॉपी मिटाए जाने के बीच कुछ समय लग सकता है.

आप Google की डेटा रखने की समयसीमा के बारे में और पढ़ सकते हैं. इससे आप यह भी जान पाएंगे कि हमें आपकी जानकारी को मिटाने में कितना समय लगता है.

---

नियामकों (रेग्युलेटर) के साथ सहयोग और सहभागिता

हम नियमित रूप से इस निजता नीति की समीक्षा करते हैं और यह पक्का करते हैं कि हम आपकी जानकारी उस तरीके से प्रोसेस करें जो इसके मुताबिक हो.

## डेटा ट्रांसफ़र

हम दुनिया भर में मौजूद अपने सर्वर का रखरखाव करते हैं. साथ ही, आपकी जानकारी उस देश के बाहर मौजूद सर्वर पर प्रोसेस की जा सकती है जहां आप रहते हैं. अलग-अलग देशों में डेटा की सुरक्षा से जुड़े कानून अलग-अलग होते हैं. कुछ देशों के कानून दूसरे देशों के मुकाबले डेटा को ज़्यादा सुरक्षित रखते हैं. आपकी जानकारी भले ही कहीं भी प्रोसेस की जा रही हो, इस नीति के तहत हम उसे एक जैसी सुरक्षा मुहैया कराते हैं. हम डेटा के ट्रांसफ़र से जुड़े कुछ कानूनी फ़्रेमवर्क का भी पालन करते हैं.

जब हम औपचारिक तौर से लिखी हुई शिकायतें प्राप्त करते हैं, तो हम उस व्यक्ति से संपर्क करते हैं जिसने शिकायत की है. हम उचित नियामक अथॉरिटी के साथ काम करते हैं, जिसमें स्थानीय डेटा सुरक्षा अधिकारियों के साथ आपके ऐसे किसी डेटा के ट्रांसफ़र के संबंध में किसी भी शिकायत का समाधान करना शामिल है, जिसे हम सीधे आपके साथ सुलझा नहीं सकते.

## अमेरिका के कानून से जुड़ी शर्तें

अमेरिका के कुछ राज्यों के निजता कानूनों के तहत, आपको साफ़ तौर पर जानकारी ज़ाहिर करनी होगी.

इस निजता नीति को आपकी मदद के लिए बनाया गया है. इससे, आप यह जान पाएंगे कि Google आपकी जानकारी कैसे प्रबंधित करता है.

- Google की ओर से इकट्ठा की गई जानकारी सेक्शन में, हमने इकट्ठा की गई जानकारी की कैटगरी और जानकारी के स्रोतों के बारे में बताया है.
- Google डेटा क्यों इकट्ठा करता है सेक्शन में हमने बताया है कि Google किन वजहों से जानकारी इकट्ठा करता है और उसे कैसे इस्तेमाल करता है.
- आपकी जानकारी शेयर करना सेक्शन में, हमने बताया है कि Google आपकी जानकारी कब शेयर कर सकता है. Google आपकी निजी जानकारी नहीं बेचता. कैलिफ़ोर्निया कंज़्यूमर प्राइवसी ऐक्ट (सीसीपीए) में दी गई "शेयर" शब्द की परिभाषा के मुताबिक, Google आपकी निजी जानकारी को "शेयर" भी नहीं करता.
- आपकी जानकारी को सेव रखना सेक्शन में, हमने बताया है कि Google आपकी जानकारी को किस तरह सेव रखता है. अगर आपकी इच्छा हो, तो इस बारे में भी जानें कि डेटा से जुड़ी आपकी पहचान को Google कैसे छिपाता है. जैसा कि वहां बताया गया है, Google आपकी निजता को सुरक्षित रखने के लिए, डेटा से जुड़ी आपकी पहचान को छिपाता है. उस डेटा से आपकी पहचान को दोबारा न जोड़ा जा सके, इसके लिए वह नीतियों को मैनेज करता है और कई तकनीकों का इस्तेमाल करता है.

अमेरिका के निजता कानूनों के तहत, लोगों के पास Google से अनुरोध करके यह जानने का भी अधिकार है कि वह उनकी जानकारी को किस तरह इकट्ठा करता है, इस्तेमाल करता है, और ज़ाहिर करता है. ये कानून लोगों को अपनी जानकारी ऐक्सेस करने (कभी-कभी पोर्टेबल फ़ॉर्मैट में), उसमें सुधार करने, और उसे मिटाने के लिए, Google से अनुरोध करने का अधिकार भी देते हैं. इनमें से कई कानूनों के तहत, आपको कुछ खास तरह के विज्ञापनों से ऑप्ट आउट करने का विकल्प भी मिलता है. इनमें ऐसे विज्ञापन शामिल हैं जो आपको टारगेट करके और आपकी प्रोफ़ाइल को ध्यान में रखकर दिखाए जाते हैं. इन कानूनों के तहत मिले निजता के अधिकारों का इस्तेमाल करते समय, हर तरह के भेदभाव से सुरक्षा भी मिलती है. इसके अलावा, सीसीपीए कुछ खास तरह की जानकारी को संवेदनशील मानता है, जैसे कि स्वास्थ्य की जानकारी से जुड़ा डेटा. लोगों से मिली इस तरह की जानकारी को Google सिर्फ़ ऐसे कामों के लिए इस्तेमाल करता है जिनके लिए सीसीपीए के तहत अनुमति मिली हो. जैसे, लोगों को उनकी उम्मीद के हिसाब से ऐसी सेवाएं देना जिनके लिए उन्होंने अनुरोध किया हो.

वॉशिंगटन माय हेल्थ माय डेटा ऐक्ट और नेवाडा सीनेट बिल 370 से, ऊपर बताए गए अधिकारों के अलावा, स्वास्थ्य की जानकारी पर लागू होने वाले कुछ खास अधिकार भी मिलते हैं. आपसे यह जानकारी मिलने के बाद, Google इसे सिर्फ़ आपकी सहमति से प्रोसेस करता है. वह आपको सहमति वापस लेने का विकल्प भी देता है.

हमने आपकी निजता सेटिंग सेक्शन में बताया है कि Google की सभी सेवाओं पर अपनी निजता और डेटा को मैनेज करने के लिए आपके पास कौनसे विकल्प उपलब्ध होते हैं. ये टूल आपको अपनी जानकारी को ऐक्सेस करने, अपडेट करने, मिटाने, और उसकी जांच करने की सुविधा देते हैं. इनका इस्तेमाल करके, अपनी जानकारी की कॉपी को एक्सपोर्ट और डाउनलोड भी किया जा सकता है. आपके पास यह तय करने का विकल्प भी है कि आपको विज्ञापन दिखाने के लिए, हम आपकी किस जानकारी का इस्तेमाल करें. इसके अलावा, मेरा विज्ञापन केंद्र पर जाकर, दिलचस्पी के मुताबिक विज्ञापन दिखाने की सुविधा को बंद भी किया जा सकता है.

इन टूल का इस्तेमाल करने पर, हम आपके अनुरोध की पुष्टि करेंगे. ऐसा करने के लिए, हम यह पक्का करेंगे कि आपने अपने Google खाते से ही साइन इन किया हो. अगर आपको अमेरिका के राज्यों के निजता कानूनों के तहत मिलने वाले अधिकारों के बारे में कोई सवाल पूछना है या कोई अनुरोध करना है, तो आप (या आपका कोई एजेंट जिसे आपने अनुमति दी हो) Google से संपर्क भी कर सकते/सकती हैं. आपके अनुरोध की जांच के बाद लिए गए Google के फ़ैसले से सहमत न होने पर, आपके पास उस फ़ैसले पर फिर से विचार करने की मांग करने का विकल्प होता है. इसके लिए, हमारे ईमेल का जवाब दें.

Google, सीसीपीए के तहत किए गए अनुरोधों को किस तरह मैनेज करता है, इस बारे में भी हम ज़्यादा जानकारी देते हैं.

अमेरिका के कुछ राज्यों के निजता कानूनों के तहत, कैटगरी के हिसाब से डेटा के इस्तेमाल की जानकारी देना ज़रूरी है. इस टेबल में, निजता नीति में शामिल जानकारी को व्यवस्थित करने के लिए, इन कैटगरी का इस्तेमाल किया जाता है.

## इकट्ठा की जाने वाली जानकारी की कैटगरी

**आइडेंटिफ़ायर और उनसे मिलती-जुलती जानकारी**, जैसे कि आपका नाम, पासवर्ड, फ़ोन नंबर, और पते. इसमें वे यूनीक आइडेंटिफ़ायर भी शामिल हैं जो उस ब्राउज़र, ऐप्लिकेशन या डिवाइस से जुड़े होते हैं जिसे आपने इस्तेमाल किया है. YouTube Studio जैसी Google की कुछ सेवाओं में, आपको अपनी पहचान की पुष्टि करने के लिए, पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस जैसा कोई मान्य आइडी सबमिट करने का विकल्प मिलता है. ऐसा करके, अतिरिक्त सुविधाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है.

**डेमोग्राफ़िक जानकारी**, जैसे कि आपकी उम्र, लैंगिक जानकारी, और भाषा. YouTube क्रिएटर की डेमोग्राफ़िक्स जैसी वैकल्पिक सुविधाओं का इस्तेमाल करने पर, आपको अपनी लैंगिक पहचान या नस्ल और जातीयता जैसी अतिरिक्त जानकारी देने का विकल्प भी मिलता है.

**व्यावसायिक जानकारी**, जैसे कि पैसे चुकाने के बारे में जानकारी और उन खरीदारियों की जानकारी जो आपने Google की सेवाओं पर की हैं.

**बायोमेट्रिक जानकारी**, जैसे कि फ़िंगरप्रिंट की जानकारी. यह जानकारी सिर्फ़ तब इकट्ठा की जाती है, जब आपने इसकी अनुमति दी हो. उदाहरण के लिए, Google के उत्पाद डेवलप करने से जुड़ी रिसर्च के लिए.

**इंटरनेट, नेटवर्क, और ब्राउज़िंग से जुड़ी अन्य जानकारी**, जैसे कि खोज के लिए शब्द; कॉन्टेंट और विज्ञापनों को देखने या उनसे हुए इंटरैक्शन की जानकारी; Chrome पर ब्राउज़िंग का इतिहास जिसे आपने Google खाते के साथ सिंक किया हो; हमारी सेवाओं के साथ हुए आपके ऐप्लिकेशन, ब्राउज़र, और डिवाइस के इंटरैक्शन की जानकारी (जैसे कि आईपी पता, बंद होने की रिपोर्ट, और सिस्टम गतिविधि); और हमारी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाली तीसरे पक्ष की वेबसाइट और ऐप्लिकेशन पर ब्राउज़िंग की जानकारी. आप मेरी गतिविधि में जाकर, अपने Google खाते में सेव किया गया ब्राउज़िंग का डेटा देख सकते हैं और उसे कंट्रोल कर सकते हैं.

**भौगोलिक स्थान का डेटा**, यानी ऐसा डेटा जिसे शायद जीपीएस और आईपी पते के आधार पर इकट्ठा किया गया हो. इसमें, आपके डिवाइस पर या उसके आस-पास मौजूद, सेंसर से लिया गया अन्य डेटा भी शामिल हो सकता है. यह डेटा, आपके डिवाइस और खाते की सेटिंग के आधार पर भी इकट्ठा किया जा सकता है. इन सेटिंग के आधार पर, इसमें **जगह की सटीक जानकारी का डेटा** शामिल हो सकता है. उदाहरण के लिए, नेविगेशन या आपके फ़ोन को खोजने जैसी Android सुविधाओं के लिए, आपके डिवाइस का जीपीएस डेटा. Google, जगह की जानकारी का इस्तेमाल किस तरह करता है, इस बारे में ज़्यादा जानें.

**ऑडियो, इलेक्ट्रॉनिक, विज़ुअल, और इसी तरह की जानकारी**, जैसे कि आवाज़ और ऑडियो की जानकारी.

अगर मैसेज भेजने और पाने के लिए, हमारी सेवाओं का इस्तेमाल किया जाता है, तो ईमेल का डेटा, जैसे कि **कम्यूनिकेशन से जुड़ा डेटा** इकट्ठा किया जाता है.

**स्वास्थ्य की जानकारी**: स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं देने वाली Google की सेवाएं, जैसे कि Google Health Studies ऐप्लिकेशन, Fitbit या Pixel डिवाइसों का इस्तेमाल करने के दौरान, अपने स्वास्थ्य की जानकारी देने का विकल्प चुना जा सकता है. इसमें आपका मेडिकल इतिहास, अहम जानकारी और सेहत की मेट्रिक (जैसे कि ब्लड ग्लूकोज़ का लेवल), और आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी ऐसी ही अन्य जानकारी शामिल है.

**पेशे, रोज़गार, और शिक्षा से जुड़ी जानकारी**, जैसे कि वह जानकारी जो आपने खुद दी है. इसमें ऐसे किसी संगठन से प्रबंधित खाते से मिली जानकारी भी शामिल है जो Google की सेवाएं इस्तेमाल करता है और जिसमें आप पढ़ते या काम करते हैं.

**ऐसी अन्य जानकारी जो आपने खुद दी है या जो आपकी ब्राउज़िंग से जुड़ी है**, जैसे कि ऐसा कॉन्टेंट जिसे आपने बनाया है, अपलोड किया है या जिसे किसी और ने आपको भेजा है (जैसे कि फ़ोटो और वीडियो या ईमेल, दस्तावेज़, और स्प्रेडशीट). आप Google डैशबोर्ड की मदद से उत्पादों से जुड़ी जानकारी प्रबंधित कर सकते हैं.

ऊपर दी गई जानकारी के आधार पर लगाए गए **अनुमान**, जैसे कि विज्ञापनों की कैटगरी.

## कारोबारी वजहें, जिनके लिए आपकी जानकारी का इस्तेमाल या उसे ज़ाहिर किया जा सकता है

**सुरक्षा से जुड़े खतरों, बुरे बर्ताव, और गैरकानूनी गतिविधि से सुरक्षा**: सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं की पहचान, रोकथाम, और उन पर कार्रवाई करने के साथ-साथ गलत इरादे से की गई, धोखाधड़ी वाली, छल भरी, और गैरकानूनी गतिविधियों से बचाव करने के लिए, Google आपकी जानकारी को ज़ाहिर कर सकता है. जैसे कि अपनी सेवाओं की सुरक्षा के लिए, Google उन आईपी पतों की जानकारी ले सकता है या ज़ाहिर कर सकता है जिन्हें किसी ने गलत इरादे से मैलवेयर के हमले का शिकार बनाया है.

**ऑडिट करना और आकलन करना**: Google आपकी जानकारी का इस्तेमाल आंकड़े तैयार करने और आकलन के लिए करता है. इससे यह समझने में मदद मिलती है कि हमारी सेवाएं किस तरह इस्तेमाल की जा रही हैं. इससे, हमें पार्टनर से जुड़ी अपनी जवाबदेही को पूरा करने में भी मदद मिलती है. इन पार्टनर में प्रकाशक, विज्ञापन देने वाले, डेवलपर, और कानूनी अधिकार रखने वाले लोग शामिल हैं. हम ऐसी जानकारी को सार्वजनिक रूप से या अपने इन पार्टनर के सामने ज़ाहिर कर सकते हैं जो व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी नहीं है. ऐसा ऑडिट के मकसद से भी किया जा सकता है.

**हमारी सेवाओं का रखरखाव**: Google आपसे जुड़ी जानकारी का इस्तेमाल यह पक्का करने के लिए करता है कि हमारी सेवाएं उम्मीद के मुताबिक काम करें. इसमें रुकावटों की निगरानी करना या गड़बड़ियां ठीक करना और ऐसी अन्य समस्याओं को हल करना शामिल है जिनकी शिकायत आप हमसे करते हैं.

**रिसर्च और डेवलपमेंट**: Google आपकी जानकारी का इस्तेमाल अपनी सेवाओं में सुधार करने और ऐसे नए प्रॉडक्ट, सुविधाएं, और टेक्नोलॉजी डेवलप करने के लिए करता है जिनसे आम लोगों के साथ-साथ हमारे प्रॉडक्ट और सेवाएं इस्तेमाल करने वालों को फ़ायदा मिल सके. उदाहरण के लिए, हम सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल, Google के एआई मॉडल को ट्रेनिंग देने के साथ-साथ Google Translate, Gemini Apps, और Cloud AI जैसी सुविधाएं और प्रॉडक्ट बनाने में करते हैं.

**सेवा देने वाली कंपनियों के साथ काम करना**: Google, सेवा देने वाली कंपनियों के साथ आपकी जानकारी शेयर करता है, ताकि वे आपको हमारी तरफ़ से सेवाएं दे सकें. Google आपकी जानकारी को अपनी निजता नीति और गोपनीयता और सुरक्षा पक्की करने के लिए अपनाए जाने वाले अन्य सही तरीकों के मुताबिक, सेवा देने वाली कंपनियों के साथ शेयर करता है. उदाहरण के तौर पर, हम ग्राहक सहायता की सुविधा देने के लिए, सेवा देने वाली कंपनियों की मदद ले सकते हैं.

**विज्ञापन दिखाना**: विज्ञापन दिखाने के लिए, Google आपकी जानकारी को प्रोसेस करता है. इसमें, ऑनलाइन आइडेंटिफ़ायर, ब्राउज़ करने और खोजने से जुड़ी गतिविधि के साथ-साथ विज्ञापनों को देखने और

आपकी जगह की जानकारी शामिल होती है. इससे, Google की सेवाओं के साथ-साथ, कई अन्य वेबसाइटों और सेवाओं को बिना कोई शुल्क दिए इस्तेमाल किया जा सकता है. मेरा विज्ञापन केंद्र में, विज्ञापन की सेटिंग में जाकर, यह तय किया जा सकता है कि आपको विज्ञापन दिखाने के लिए, आपकी किस जानकारी का इस्तेमाल किया जाए.

**कानूनी वजहें**: Google आपकी जानकारी का इस्तेमाल, कानूनों या नियमों के पालन के लिए करता है. Google, कानूनी प्रक्रिया के दौरान या आने वाले समय में लागू होने वाले सरकारी अनुरोधों के जवाब देते समय भी आपकी जानकारी को ज़ाहिर करता है. इन सरकारी अनुरोधों में कानून लागू कराने वाली संस्थाओं के अनुरोध भी शामिल हैं. हम अपनी पारदर्शिता रिपोर्ट में यह जानकारी देते हैं कि हमें सरकारों से कितने और किस तरह के अनुरोध मिले हैं.

## ऐसे लोग या संस्थाएं जिनके सामने जानकारी ज़ाहिर की जा सकती है

**आपने अपनी जानकारी शेयर करने के लिए जिन अन्य लोगों को चुना है**. इस जानकारी में, दस्तावेज़, फ़ोटो, YouTube पर मौजूद वीडियो या टिप्पणियां या Fitbit की सोशल सुविधाओं और तीसरे पक्ष के ऐप्लिकेशन से मिली आपके स्वास्थ्य की जानकारी शामिल है.

**आपने इन तीसरे पक्षों के सामने अपनी जानकारी ज़ाहिर करने की सहमति दी है**, जैसे कि Google की सेवाओं से जुड़ी अन्य सेवाएं. आपके पास तीसरे पक्ष की उन साइटों और ऐप्लिकेशन की समीक्षा करने और उन्हें मैनेज करने का विकल्प भी है जो आपके Google खाते में मौजूद डेटा को ऐक्सेस कर सकते हैं. Google आपकी जानकारी कब शेयर करता है, इस बारे में ज़्यादा जानकारी देखें.

**सेवा देने वाले लोग या कंपनियों** के साथ: आपकी जानकारी को ऐसे भरोसेमंद लोगों या कंपनियों के साथ शेयर किया जा सकता है जो Google की तरफ़ से जानकारी को प्रोसेस करती हैं. ये कंपनियां और लोग, हमारे निर्देशों और हमारी निजता नीति के मुताबिक और गोपनीयता और सुरक्षा पक्की करने के लिए अपनाए जाने वाले अन्य सही तरीकों को ध्यान में रखते हुए काम करते हैं.

**डोमेन एडमिन** के साथ. आपकी जानकारी को Google की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले ऐसे संगठनों के साथ शेयर किया जा सकता है जिनमें आप काम या पढ़ाई करते हैं.

**कानून लागू करने वाली संस्थाएं या अन्य तीसरे पक्षों** के साथ. इसकी कानूनी वजहें जानने के लिए, आपकी जानकारी शेयर करना सेक्शन पर जाएं.

इस नीति के बारे में

## जब यह नीति लागू होती है

यह निजता नीति YouTube, Android और विज्ञापन सेवाएं जैसी सेवाओं की पेशकश करने वाली तीसरे पक्ष की साइटों सहित, Google LLC और उसके पार्टनर की ओर से दी जाने वाली सभी सेवाओं पर लागू होती है. यह निजता नीति उन सेवाओं पर लागू नहीं होती है जिनकी अलग निजता नीतियां हैं, जो इस निजता नीति को शामिल नहीं करती हैं.

यह निजता नीति इन पर लागू नहीं होती है:

- हमारी सेवाओं का विज्ञापन करने वाली दूसरी कंपनियों और संगठनों की सूचना प्रक्रियाएं
- दूसरी कंपनियों या व्यक्तियों की ऐसी सेवाएं जिनमें उनके उपलब्ध कराए जाने वाले प्रॉडक्ट या साइटें शामिल हैं. इनमें Google की वे सेवाएं शामिल हो सकती हैं जिन पर नीति लागू होती है. साथ ही, इन प्रॉडक्ट या साइटों को आपके खोज नतीजों में दिखाया जा सकता है या हमारी सेवाओं से जोड़ा जा सकता है

## इस नीति में बदलाव

हम समय-समय पर इस निजता नीति में बदलाव करते रहते हैं. हम आपकी साफ़ तौर पर दी गई सहमति के बिना इस निजता नीति के अंतर्गत आपके अधिकारों को कम नहीं करेंगे. हम हमेशा अंतिम बदलावों की प्रकाशन की तारीख के बारे में सूचना देते हैं और हम आपकी समीक्षा के लिए संग्रहित वर्शन के एक्सेस की पेशकश करते हैं. अगर बदलाव महत्वपूर्ण हैं तो, हम कुछ खास नोटिस भेजेंगे (जिसमें कुछ सेवाओं के लिए निजता नीति में बदलाव की ईमेल सूचनाएं शामिल होंगी).

---

इससे जुड़ी निजता लागू करने की प्रक्रियाएं

## विशिष्ट Google सेवाएं

नीचे दी गई निजता सूचनाएं कुछ Google सेवाओं के बारे में ज़्यादा जानकारी देती हैं:

- Payments
- Fiber
- Gemini Apps
- Google Fi
- Google Workspace for Education
- Read Along
- YouTube Kids
- 13 साल से कम उम्र (या आपके देश में लागू उम्र) के बच्चों के लिए, Family Link के ज़रिए प्रबंधित किए जाने वाले 'Google खाते'
- बच्चों और किशोरों के लिए, Family Link से जुड़ी निजता गाइड
- Google Assistant पर बच्चों के फ़ीचर से इकट्ठा की गई आवाज़ और ऑडियो की रिकॉर्डिंग

अगर आप किसी ऐसे संगठन के सदस्य हैं जो Google Workspace या Google Cloud Platform का इस्तेमाल करता है, तो Google Cloud का निजता नोटिस पढ़ें और जानें कि ये सेवाएं किस तरह आपकी जानकारी इकट्ठा करती हैं. साथ ही, यह भी जानें कि ये सेवाएं आपकी निजी जानकारी का इस्तेमाल कैसे करती हैं.

## दूसरे उपयोगी संसाधन

नीचे दिए गए लिंक हमारी प्रक्रियाओं और निजता सेटिंग के बारे में ज़्यादा जानने के लिए उपयोगी संसाधनों को हाइलाइट करते हैं.

- आपका Google खाता आपके खाते को प्रबंधित करने के लिए कई सेटिंग का केंद्र है
- निजता जांच आपको अपने Google खाते के लिए महत्वपूर्ण निजता सेटिंग के ज़रिए गाइड करती है.
- Google के सुरक्षा केंद्र ऑनलाइन अपने परिवार के लिए बुनियादी डिजिटल नियम तय करने में आपकी मदद करने के लिए हमारी बिल्ट-इन सुरक्षा निजता, नियंत्रणों और टूल के बारे में ज़्यादा जानने में आपकी मदद करता है

- किशोरों के लिए Google की निजता गाइड में, निजता से जुड़े ज़्यादातर पूछे जाने वाले कुछ सवालों के जवाब दिए गए हैं
- निजता और शर्तें इस निजता नीति और हमारी सेवा शर्तों के संबंध में ज़्यादा जानकारी देती हैं
- तकनीक में निम्न के बारे में ज़्यादा जानकारी शामिल है:
    - Google, कुकी का उपयोग कैसे करता है
    - विज्ञापन के लिए उपयोग की गई तकनीक
    - Google अपनी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाली साइट या ऐप्लिकेशन की जानकारी का उपयोग कैसे करता है

---

# मुख्य शब्द

## अनन्य पहचानकर्ता

अनन्य पहचानकर्ता, वर्णों की ऐसी स्ट्रिंग है जिसका इस्तेमाल किसी ब्राउज़र, ऐप्लिकेशन या डिवाइस को अनन्य रूप से पहचानने के लिए किया जा सकता है. अलग-अलग पहचानकर्ता इस आधार पर अलग होते हैं कि वे कितने स्थायी हैं, क्या उपयोगकर्ताओं उन्हें रीसेट कर सकते हैं और उन्हें कैसे एक्सेस किया जा सकता है.

अनन्य पहचानकर्ताओं का इस्तेमाल कई उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जिनमें सुरक्षा और धोखाधड़ी की पहचान, उपयोगकर्ताओं के ईमेल इनबॉक्स जैसी सेवाओं को सिंक करना, उपयोगकर्ताओं की प्राथमिकताओं को याद रखना और मनमुताबिक विज्ञापन देना शामिल हैं. उदाहरण के लिए, कुकी में संग्रहित खास पहचानकर्ता आपके ब्राउज़र में सामग्री को आपकी पसंदीदा भाषा में दिखाने में साइटों की मदद करते हैं. आप सभी कुकी अस्वीकार करने के लिए या कुकी भेजे जाते समय उसका संकेत देने के लिए अपने ब्राउज़र को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं. Google, कुकी का इस्तेमाल कैसे करता है इस बारे में ज़्यादा जानें.

ब्राउज़र के अलावा दूसरे प्लैटफ़ॉर्म पर, अनन्य पहचानकर्ताओं का इस्तेमाल किसी खास डिवाइस या उस डिवाइस पर किसी खास ऐप्लिकेशन को पहचानने के लिए किया जाता है. उदाहरण के लिए, विज्ञापन आईडी जैसे किसी अनन्य पहचानकर्ता का इस्तेमाल Android डिवाइसों पर प्रासंगिक विज्ञापन देने के लिए किया

जाता है और आपके डिवाइस की सेटिंग में जाकर इसे प्रबंधित किया जा सकता है. अनन्य पहचानकर्ताओं को किसी डिवाइस में उसके निर्माताओं की ओर से भी डाला जा सकता है (कभी–कभी इसे वैश्विक अनन्य आईडी या UUID कहा जाता है), जैसे किसी मोबाइल का IMEI-नंबर. उदाहरण के लिए, किसी डिवाइस के अनन्य पहचानकर्ता का इस्तेमाल आपके डिवाइस के लिए हमारी सेवाओं को कस्टमाइज़ करने या हमारी सेवाओं से जुड़ी डिवाइस की समस्याओं का विश्लेषण करने के लिए किया जा सकता है.

## उपकरण

डिवाइस एक कंप्यूटर है जिसका इस्तेमाल Google सेवाओं को एक्सेस करने के लिए किया जा सकता है. उदाहरण के लिए, डेस्कटॉप कंप्यूटर, टैबलेट, स्मार्ट स्पीकर और स्मार्टफ़ोन सभी को डिवाइस माना जाता है.

## एप्लिकेशन डेटा कैश

एप्लिकेशन डेटा कैश, किसी उपकरण पर मौजूद डेटा संग्रह होता है. उदाहरण के लिए, यह किसी वेब एप्लिकेशन को इंटरनेट कनेक्शन के बिना चलने के लिए सक्षम बना सकता है या सामग्री की अधिक तीव्र लोडिंग सक्षम करके उस एप्लिकेशन का प्रदर्शन बेहतर बना सकता है.

## एल्गोरिद्म

समस्या को हल करने वाले कामों में किसी कंप्यूटर की ओर से फ़ॉलो की जाने वाली प्रक्रिया या नियमों का समूह.

## कुकी

कुकी एक ऐसी छोटी फ़ाइल है, जिसमें वर्णों की एक श्रृंखला होती है, जिसे आपके किसी वेबसाइट पर विज़िट करने पर आपके कंप्यूटर पर भेजा जाता है. जब आप फिर से साइट पर जाते हैं, तो कुकी उस साइट को आपके ब्राउज़र की पहचान करने देती है. कुकी आपकी उपयोगकर्ता प्राथमिकताएं और अन्य जानकारी को संग्रहित कर सकती है. आप सभी कुकी अस्वीकार करने के लिए या कुकी भेजे जाते समय उसका संकेत देने के लिए अपने ब्राउज़र को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं. हालांकि, हो सकता है कि कुछ वेबसाइट सुविधाएं या सेवाएं कुकी के बिना सही तरीके से काम न करें. जब आप हमारे पार्टनर की साइटों या ऐप्लिकेशन का इस्तेमाल करते हैं, तब Google, कुकी का इस्तेमाल कैसे करता है और Google, कुकी सहित डेटा का इस्तेमाल कैसे करता है, इसके बारे में ज़्यादा जानें.

## गैर-व्यक्तिगत पहचानयोग्य जानकारी

यह वह जानकारी होती है जिसे उपयोगकर्ताओं के बारे में रिकॉर्ड किया जाता है ताकि वह व्यक्तिगत रूप से पहचाने जा सकने वाले किसी उपयोगकर्ता को न दर्शाए या उसका संदर्भ न दे.

## पिक्सेल टैग

पिक्सेल टैग एक प्रकार की प्रौद्योगिकी है जिसे किसी वेबसाइट पर या ईमेल की विषयवस्तु के अंदर रखा जाता है ताकि कुछ खास तरह की गतिविधि ट्रैक की जा सके, जैसे वेबसाइट को देखे जाने की संख्या या ईमेल को खोले जाने की जानकारी. पिक्सेल टैग को अक्सर कुकी के साथ मिलाकर इस्तेमाल किया जाता है.

## ब्राउज़र वेब संग्रहण

ब्राउज़र वेब मेमोरी, वेबसाइटों को किसी डिवाइस के ब्राउज़र में डेटा संग्रहित करने लायक बनाता है. "स्थानीय मेमोरी" मोड में इस्तेमाल किए जाने पर, यह डेटा को सभी सत्रों में संग्रहित करने लायक बनाता है. इससे ब्राउज़र के बंद होने और फिर से खोले जाने के बाद भी डेटा फिर से हासिल किए जाने लायक बन जाता है. वेब मेमोरी को सरल बनाने वाली एक ऐसी तकनीक है HTML 5.

## रेफ़रलकर्ता यूआरएल

रेफ़रलकर्ता यूआरएल (यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेटर) वह जानकारी है जो किसी वेब ब्राउज़र की ओर से, आमतौर पर उस पेज के लिंक को क्लिक किए जाने पर, गंतव्य वेबपेज को भेजी जाती है. रेफ़रलकर्ता यूआरएल में ब्राउज़र की ओर से विज़िट किए गए अंतिम वेबपेज का यूआरएल शामिल होता है.

## व्यक्तिगत जानकारी

यह आपकी ओर से हमें दी जाने वाली वह जानकारी है, जिससे व्यक्तिगत रूप से आपकी पहचान होती है, जैसे कि आपका नाम, ईमेल पता या बिलिंग जानकारी या अन्य डेटा जिसे Google की ओर से दी जाने वाली जानकारी, जैसे कि वह जानकारी जिसे हम आपके Google खाते से जोड़ते हैं, से तार्किक ढंग से लिंक किया जा सकता है.

## संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी

यह निजी जानकारी की एक खास श्रेणी है जो गोपनीय चिकित्सा तथ्यों, जातीय या नस्लीय मूल, राजनीतिक या धार्मिक मान्यताओं या लैंगिकता जैसे विषयों से संबंधित है.

## सर्वर लॉग

अधिकतर वेबसाइटों की तरह, हमारे सर्वर आपके द्वारा हमारी साइटें विज़िट करने पर किए गए अनुरोधों को स्वचालित रूप से रिकॉर्ड करते हैं. इन "सर्वर लॉग" में आमतौर पर आपका वेब अनुरोध, इंटरनेट प्रोटोकॉल पता, ब्राउज़र का प्रकार, ब्राउज़र की भाषा, आपके अनुरोध का दिनांक एवं समय और संभवतः आपके ब्राउज़र या आपके खाते की अद्वितीय रूप से पहचान बताने वाली एक या अधिक कुकी शामिल होती हैं.

"कार" की खोज की सामान्य लॉग प्रविष्टि ऐसी दिखाई देती है:

```
123.45.67.89 - 25/Mar/2003 10:15:32 -
http://www.google.com/search?q=cars -
Chrome 112; OS X 10.15.7 -
740674ce2123e969
```

- `123.45.67.89` उपयोगकर्ता की इंटरनेट सेवा देने वाली कंपनी (ISP) की ओर से उपयोगकर्ताओं को दिया गया इंटरनेट प्रोटोकॉल पता है. उपयोगकर्ता की सेवा के आधार पर, हो सकता है कि हर बार जब उपयोगकर्ता इंटरनेट से कनेक्ट हो, तब उसे उसके सेवा प्रदाता की ओर से अलग पता दिया जाए.

- `25/Mar/2003 10:15:32` क्वेरी की तारीख और समय है.

- `http://www.google.com/search?q=cars` खोज क्वेरी सहित, अनुरोध किया गया यूआरएल है.

- `Chrome 112; OS X 10.15.7` इस्तेमाल किया जा रहा ब्राउज़र और ऑपरेटिंग सिस्टम है.

- `740674ce2123a969` पहली बार Google पर जाने पर इस खास कंप्यूटर को दी गई अनन्य कुकी आईडी है. (कुकी को उपयोगकर्ता मिटा सकते हैं. पिछली बार Google पर जाने के बाद अगर उपयोगकर्ता ने कंप्यूटर से कुकी मिटा दी है, तो जब वह अगली बार उस खास कंप्यूटर से Google पर जाएगा, तब उसे एक अनन्य कुकी आईडी दी जाएगी.

## सहयोगी कंपनियां

सहयोगी कंपनी एक ऐसी इकाई है जो Google समूह की कंपनियों में शामिल है, जिसमें इसमें नीचे दी गई कंपनियां शामिल, जिसमें EU (यूरोपीय संघ) में उपभोक्ता सेवाएं देने वाली निम्न कंपनियां शामिल हैं: Google Ireland Limited, Google Commerce Ltd, Google Payment Corp और Google Dialer Inc. EU (यूरोपीय संघ) में कारोबार की सेवाएं देने वाली कंपनियों के बारे में ज़्यादा जानें।

## Google खाता

आप Google खाते के लिए साइन अप करके और हमें कुछ निजी जानकारी (आमतौर पर आपका नाम, ईमेल पता और पासवर्ड) देकर हमारी कुछ सेवाएं एक्सेस कर सकते हैं. जब आप Google सेवाओं का इस्तेमाल करेंगे, तब इस खाते की जानकारी का इस्तेमाल आपको प्रमाणित करने के लिए और दूसरों की ओर से आपकी अनुमति के बिना आपके खाते का इस्तेमाल होने से रोकने के लिए किया जाएगा. आप अपनी Google खाता सेटिंग में जाकर कभी भी अपने खाते में बदलाव कर सकते हैं या उसे मिटा सकते हैं.

### IP पता

इंटरनेट से कनेक्ट किए गए हर डिवाइस के लिए एक नंबर असाइन किया जाता है, जिसे इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) पता कहते हैं. ये नंबर आम तौर पर भौगोलिक ब्लॉक में असाइन किए जाते हैं. आईपी पते का इस्तेमाल अक्सर उस जगह की पहचान करने के लिए किया जाता है, जहां से डिवाइस को इंटरनेट से कनेक्ट किया जा रहा है. जगह की जानकारी का इस्तेमाल करने के हमारे तरीके के बारे में ज़्यादा जानें.

# अतिरिक्त जानकारी

## अच्छी तरह काम करने के लिए कुकी पर निर्भरता

उदाहरण के लिए, हम 'lbcs' नाम की कुकी का उपयोग करते हैं, जिससे आपके लिए एक ही ब्राउज़र में कई Google दस्तावेज़ खोलना संभव हो जाता है. इस कुकी को ब्लॉक करने से Google दस्तावेज़ सही तरीके से काम नहीं कर पाएगा. ज़्यादा जानें

## अपनी सेवाएं देना

अपनी सेवाएं देने के लिए आपकी जानकारी का उपयोग करने के तरीकों के उदाहरण नीचे दिए गए हैं:

- हम आपके डिवाइस को असाइन किए गए आईपी पते का उपयोग, आपकी ओर से अनुरोध किया गया डेटा भेजने के लिए करते हैं, जैसे कोई YouTube वीडियो लोड करना
- हम आपके डिवाइस की कुकी में संग्रहित, पहचान करने वाली विशेष सामग्री का उपयोग इस बात की पुष्टि में सहायता पाने के लिए करते हैं कि आप ही वह व्यक्ति हैं जिसे आपका Google खाता एक्सेस करना चाहिए
- Google Photos पर आपके अपलोड किए गए वीडियो और फ़ोटो का इस्तेमाल, एल्बम, कोलाज, और शेयर किए जा सकने वाले अन्य कॉन्टेंट बनाने में, आपकी मदद करने के लिए किया जाता है. ज़्यादा जानें

- आपको मिलने वाले फ़्लाइट पुष्टि ईमेल का उपयोग आपके Gmail में दिखाई देने वाले "चेक-इन" बटन को बनाने में किया जा सकता है

- जब आप हमसे सेवाएं या भौतिक सामान खरीदते हैं, तो आप हमें अपना शिपिंग पता या डिलीवरी के निर्देश जैसी जानकारी दे सकते हैं. हम इस जानकारी का इस्तेमाल आपका ऑर्डर प्रोसेस करने, इसे पूर्ण करने और डिलीवरी करने जैसी चीज़ों के लिए , और आपके खरीदे गए उत्पाद या सेवा के संबंध में मदद करने के लिए कर सकते हैं।

## अमेरिका के राज्यों के निजता कानून

इनमें ये कानून शामिल हैं:

- कैलिफ़ोर्निया कंज़्यूमर प्राइवसी ऐक्ट (सीसीपीए);
- वर्जीनिया कंज़्यूमर डेटा प्रोटेक्शन ऐक्ट (वीसीडीपीए);
- कोलोराडो प्राइवसी ऐक्ट (सीपीए)
- कनेटिकट ऐक्ट कनसर्निंग पर्सनल डेटा प्राइवसी ऐंड ऑनलाइन मॉनिटरिंग (सीटीडीपीए); और
- यूटा कंज़्यूमर प्राइवसी ऐक्ट (यूसीपीए)
- वॉशिंगटन माय हेल्थ माय डेटा ऐक्ट (एमएचडीएम)
- नेवाडा सीनेट बिल 370
- फ़्लोरिडा डिजिटल बिल ऑफ़ राइट्स (एफ़डीबीआर)
- टेक्सस डेटा प्राइवसी ऐंड सिक्योरिटी ऐक्ट (टीडीपीएसए)
- ओरेगॉन कंज़्यूमर प्राइवसी ऐक्ट (ओसीपीए)
- मॉनटेना कंज़्यूमर डेटा प्राइवसी ऐक्ट (एमटीसीडीपीए)

## आपके डिवाइस के आस-पास की चीज़ों की जानकारी

अगर आप Android पर Google की जगह की जानकारी सेवाओं का उपयोग करते हैं, तो हम Google मैप जैसे आपकी जगह के आधार पर चलने वाले ऐप्लिकेशन का परफ़ॉर्मेंस बेहतर बना सकते हैं. अगर आप Google की जगह की जानकारी सेवाओं का उपयोग करते हैं, तो आपका डिवाइस अपनी जगह, सेंसर (जैसे एक्सलरोमीटर) और आस-पास के सेल टॉवर और वाई-फ़ाई एक्सेस पॉइंट (जैसे कि MAC पता और सिग्नल

की मज़बूती) की जानकारी Google को भेजता है. ये सभी चीज़ें आपकी जगह का पता लगाने में सहायता करती हैं. आप Google जगह की जानकारी सेवाएं चालू करने के लिए अपनी डिवाइस सेटिंग का उपयोग कर सकते हैं. ज़्यादा जानें

## आपके डिवाइस से सेंसर डेटा

आपके डिवाइस में ऐसे सेंसर हो सकते हैं जिनसे आपकी जगह और हलचल को बेहतर समझा जा सके. उदाहरण के लिए, आपकी गति का पता लगाने के लिए एक्सलरोमीटर या आपकी यात्रा की दिशा का पता लगाने के लिए जाइरोस्कोप का इस्तेमाल किया जा सकता है. जगह की जानकारी का इस्तेमाल करने के हमारे तरीके के बारे में ज़्यादा जानें.

## आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी ऐसी ही अन्य जानकारी

Fitbit, Pixel Watch, Nest या Google Fit जैसे हमारे फ़िटनेस प्रॉडक्ट और ऐप्लिकेशन इस्तेमाल करने पर, हम आपका दिया गया डेटा इकट्ठा करते हैं. जैसे, आपकी लंबाई और वज़न का डेटा हम इन ऐप्लिकेशन और डिवाइसों से अन्य जानकारी भी इकट्ठा करते हैं. जैसे, आपके सोने का पैटर्न, धड़कन की दर, त्वचा का तापमान, खर्च की गई कैलोरी, और आपके कदमों की संख्या.

## आपके Google खाते से सिंक किया गया

आपका Chrome ब्राउज़िंग इतिहास केवल तभी आपके खाते में सेव किया जाता है जब आपने अपने Google खाते के साथ Chrome सिंक चालू किया हो. ज़्यादा जानें

## आवाज़ और ऑडियो की जानकारी

उदाहरण के लिए, Google Search, Assistant, और Maps को बोलकर इस्तेमाल करने के दौरान रिकॉर्ड किए गए ऑडियो को Google खाते में सेव करने का विकल्प चुना जा सकता है. जब आपके डिवाइस को "Ok Google" जैसे 'ऑडियो चालू करने के निर्देश' का पता चलता है, तो Google आपकी आवाज़ और ऑडियो को रिकॉर्ड करता है. रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया, ऑडियो चालू करने के निर्देशों का इस्तेमाल करने से कुछ सेकंड पहले ही शुरू हो जाती है. ज़्यादा जानें

## उनकी ओर से विज्ञापन और अनुसंधान सेवाएं

उदाहरण के लिए, कारोबारी या कंपनियां अपने लॉयल्टी-कार्ड प्रोग्राम से डेटा अपलोड कर सकती हैं. इससे उन्हें खोज या शॉपिंग के नतीजों में लॉयल्टी कार्ड की जानकारी शामिल करने या अपने विज्ञापन कैंपेन की

परफ़ॉर्मेंस को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिल सकती है. हम विज्ञापन देने वाले लोगों या कंपनियों को सिर्फ़ इकट्ठा की गई रिपोर्ट देते हैं. इनसे किसी व्यक्ति की पहचान से जुड़ी जानकारी ज़ाहिर नहीं होती.

## कानूनी प्रक्रिया या नीति उल्लंघन ठीक करने के तरीके (एनफ़ॉर्समेंट) से जुड़े सरकारी अनुरोध

दूसरी तकनीक और संचार कंपनियों की तरह ही, Google को भी नियमित रूप से दुनिया भर की सरकारों और न्यायालयों से उपयोगकर्ता डेटा प्रकट करने के अनुरोध मिलते हैं. Google में आपके संग्रह किए गए डेटा की निजता और सुरक्षा के प्रति सम्मान, इन कानूनी अनुरोधों का अनुपालन करने के हमारे दृष्टिकोण का समर्थन करता है. हमारी कानूनी टीम हर अनुरोध की समीक्षा करती है, चाहे वह किसी भी तरह का हो और हम अक्सर उन अनुरोधों को खारिज कर देते हैं, जो सतही लगते हैं या जिनमें सही प्रोसेस को फ़ॉलो नहीं किया गया होता है. हमारी पारदर्शिता रिपोर्ट में और जानें.

## कॉल करने और लेने या मैसेज भेजने और पाने की सेवाएं

इस तरह की सेवाओं के उदाहरणों में ये शामिल हैं:

- कॉल करने और लेने, मैसेज भेजने, और वॉइसमेल का प्रबंधन करने के लिए Google Voice
- वीडियो कॉल करने और लेने के लिए Google Meet
- ईमेल भेजने और पाने के लिए Gmail
- मैसेज भेजने और पाने के लिए Google Chat
- वीडियो कॉल करने और लेने के साथ-साथ मैसेज भेजने और पाने के लिए Google Duo
- फ़ोन प्लान के लिए Google Fi

## खोज नतीजों को पसंद के मुताबिक बनाना

उदाहरण के लिए, जब आप अपने Google खाते में साइन इन करते हैं और आपका वेब और ऐप्लिकेशन गतिविधि नियंत्रण चालू होता है, तो आपको ज़्यादा प्रासंगिक खोज नतीजे मिल सकते हैं जो आपकी पिछली खोजों और दूसरी Google सेवाओं की गतिविधि पर आधारित होते हैं. आप यहां पर ज़्यादा जानकारी पा सकते हैं. आप साइन आउट होने पर भी पसंद के मुताबिक बनाए गए खोज नतीजे पा सकते हैं. अगर आप खोज को इस स्तर तक पसंद के मुताबिक नहीं बनाना चाहते हैं, तो आप निजी रूप से खोज और ब्राउज़ कर सकते हैं या साइन आउट होने पर खोज को मनमुताबिक बनाना बंद कर सकते हैं.

## जनता

उदाहरण के लिए, हम Google की कॉन्टेंट हटाने की नीतियों या लागू कानून के तहत, अपनी सेवाओं से कॉन्टेंट हटाने के अनुरोधों की जानकारी प्रोसेस करते हैं. इससे आपके अनुरोध का आकलन करने, पारदर्शिता बनाए रखने, और ज़िम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभाने में मदद मिलती है. साथ ही, कॉन्टेंट हटाने के अनुरोधों में धोखाधड़ी और इनके गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए भी यह ज़रूरी है.

## जानकारी लिंक की जा सकती है

Google Analytics पहले पक्ष की कुकी पर भरोसा करता है, जिसका मतलब है कि कुकी Google Analytics के ग्राहकों की ओर से सेट की जाती हैं. हमारे सिस्टम का उपयोग करके, Google Analytics के ज़रिए जेनरेट किए गए डेटा को Google Analytics के ग्राहकों और Google की ओर से तीसरे पक्ष की ऐसी कुकी से लिंक किया जा सकता है जो दूसरी वेबसाइट पर विज़िट से संबंधित होती हैं. उदाहरण के लिए, कोई विज्ञापनदाता ज़्यादा प्रासंगिक विज्ञापन बनाने या अपने ट्रैफ़िक का और ज़्यादा विश्लेषण करने के लिए अपने Google Analytics डेटा का उपयोग कर सकता है. ज़्यादा जानें

## डिवाइस

उदाहरण के लिए, हम आपके डिवाइस की जानकारी का उपयोग यह तय करने में आपकी सहायता करने के लिए कर सकते हैं कि कोई ऐप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए या Google Play से खरीदी गई फ़िल्म देखने के लिए आप कौनसे डिवाइस का उपयोग करना चाहेंगे. हम आपके खाते की सुरक्षा करने के लिए भी इस जानकारी का उपयोग करेंगे.

## तीसरे पक्ष

उदाहरण के लिए, हम उन अधिकार धारकों को आपके उपयोग के आंकड़े रिपोर्ट करने के लिए आपकी जानकारी तैयार करते हैं कि हमारी सेवाओं में उनकी सामग्री का उपयोग किस तरह किया गया था. हम आपकी जानकारी तब भी तैयार कर सकते हैं जब लोग आपका नाम खोजें और हम आपकी जानकारी की सार्वजनिक मौजूदगी वाली साइट के खोज नतीजे दिखाएं.

## दुरुपयोग का पता लगाना

अगर हमें अपने सिस्टम पर, हमारी नीतियों का उल्लंघन करने वाले स्पैम, मैलवेयर, गैर-कानूनी कॉन्टेंट (इसमें बच्चों के यौन शोषण और उत्पीड़न से जुड़ा कॉन्टेंट शामिल है) और दूसरी तरह के गलत इस्तेमाल वाले कॉन्टेंट का पता चलता है, तो हम आपके खाते को बंद कर सकते हैं. इसके अलावा, ज़रूरत के हिसाब से कोई दूसरी कार्रवाई भी की जा सकती है. कुछ मामलों में, हम संबंधित अधिकारियों से उल्लंघन की शिकायत भी कर सकते हैं.

## दुरुपयोग से सुरक्षा

उदाहरण के लिए, अगर हमें लगता है कि आपके खाते से छेड़छाड़ हुई है, तो सुरक्षा जोखिमों से जुड़ी जानकारी से हमें आपको सूचना देने में सहायता मिल सकती है (उस स्थिति में हम आपका खाता सुरक्षित करने के कदम उठाने में आपकी सहायता कर सकते हैं).

## दूसरी साइट और ऐप्लिकेशन पर आपकी गतिविधि

यह गतिविधि Chrome के साथ अपने खाते को सिंक करने या Google की पार्टनर साइटों और ऐप्लिकेशन पर जाने जैसे Google सेवाओं के आपके उपयोग से आ सकती है. कई वेबसाइटें अपनी सामग्री और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए Google के साथ पार्टनरशिप करती हैं. उदाहरण के लिए, कोई वेबसाइट हमारी विज्ञापन सेवाओं (जैसे AdSense) या विश्लेषण टूल (जैसे Google Analytics) का उपयोग कर सकती है या वह अन्य सामग्री (जैसे YouTube से वीडियो) को एम्बेड कर सकती है. ये सेवाएं Google के साथ आपकी गतिविधि की जानकारी शेयर कर सकती हैं और, आपकी खाता सेटिंग और उपयोग हो रहे उत्पादों (जैसे, जब कोई पार्टनर हमारी विज्ञापन सेवाओं के साथ मिलाकर Google Analytics का उपयोग करता है) के आधार पर, इस डेटा को आपकी निजी जानकारी के साथ जोड़ा जा सकता है.

इस बारे में अधिक जानें कि जब आप हमारे भागीदारों की साइटों या ऐप्लिकेशन का उपयोग करते हैं तो Google डेटा का उपयोग कैसे करता है.

## देखी गई सामग्री और विज्ञापन और उनके साथ इंटरैक्शन

उदाहरण के लिए, हम विज्ञापन देखने और उनसे इंटरैक्शन करने से जुड़ी जानकारी संग्रह करते हैं ताकि हम विज्ञापनदाताओं को इकट्ठी रिपोर्ट दे सकें, जैसे- उन्हें यह बताना कि क्या हमने उनका विज्ञापन किसी पेज पर दिखाया और क्या विज्ञापन को किसी दर्शक ने देखा था. हम दूसरे इंटरैक्शन भी माप सकते हैं, जैसे कि आपने किसी विज्ञापन पर अपना माउस कैसे घुमाया या क्या आपने उस पेज से इंटरैक्ट किया जिस पर विज्ञापन दिखाया जाता है.

## पक्का करना और बेहतर बनाना

उदाहरण के लिए, अपने विज्ञापनों का परफ़ॉर्मेंस बेहतर बनाने के लिए हम यह विश्लेषण करते हैं कि लोग विज्ञापनों से कैसे इंटरैक्ट करते हैं.

## पक्का करना कि हमारी सेवाएं उम्मीद के मुताबिक काम कर रही हैं

उदाहरण के लिए, हम गड़बड़ियों का पता लगाने के लिए लगातार अपने सिस्टम की निगरानी करते हैं. अगर हमें किसी सुविधा में कोई गड़बड़ी मिलती है, तो गड़बड़ी शुरू होने के पहले संग्रह की गई गतिविधि जानकारी की समीक्षा से हमें चीज़ों को जल्दी ठीक करने में सहायता मिलती है.

## पूरी दुनिया में मौजूद सर्वर

उदाहरण के लिए, अपने उत्पादों को उपयोगकर्ताओं के लिए लगातार उपलब्ध रखने में सहायता पाने के लिए हम पूरी दुनिया में मौजूद डेटा केंद्रों से काम करते हैं.

## फ़ोन नंबर

अगर आप अपने खाते में अपना फ़ोन नंबर डालते हैं, तो आपकी सेटिंग के आधार पर सभी Google सेवाओं पर अलग-अलग कामों में उसका उपयोग किया जा सकता है. उदाहरण के लिए, अगर आप अपना पासवर्ड भूल जाते हैं तो अपना खाता एक्सेस करने में आपकी सहायता करने के लिए, लोगों को आपको ढूंढने और आपसे जुड़ने में सहायता करने के लिए और आपको दिखाई देने वाले विज्ञापनों को ज़्यादा प्रासंगिक बनाने के लिए आपके फ़ोन नंबर का उपयोग किया जा सकता है. ज़्यादा जानें

## भुगतान जानकारी

उदाहरण के लिए, अगर आप अपने Google खाते में क्रेडिट कार्ड या भुगतान का कोई दूसरा तरीका जोड़ते हैं, तो आप हमारी सभी सेवाओं पर चीज़ें खरीदने में उसका उपयोग कर सकता है, जैसे Play स्टोर से ऐप्लिकेशन खरीदना. हम आपका भुगतान पूरा करने में सहायता करने के लिए कारोबार टैक्स आईडी जैसी दूसरी जानकारी भी मांग सकते हैं. कुछ मामलों में, हमें आपकी पहचान की पुष्टि भी करनी होगी और हम उसके लिए आपसे जानकारी मांग सकते हैं.

भुगतान जानकारी का उपयोग हम यह पुष्टि करने के लिए भी कर सकते हैं कि आप उम्र संबंधी ज़रूरतें पूरी करते हैं. उदाहरण के लिए, अगर आप गलत जन्मदिन डालते हैं जो यह दिखाता है कि Google खाता बनाने के लिए आपकी उम्र काफ़ी नहीं है. ज़्यादा जानें

## मनमुताबिक बनाए गए विज्ञापन

विज्ञापनदाताओं से मिली जानकारी के आधार पर आपको मनमुताबिक बनाए गए विज्ञापन भी दिखाई दे सकते हैं. उदाहरण के लिए, अगर आपने किसी विज्ञापनदाता की वेबसाइट से खरीदारी की है, तो वे आपको विज्ञापन दिखाने के लिए उस विज़िट का उपयोग कर सकते हैं. ज़्यादा जानें

## रुझान दिखाएं

जब कई सारे लोग किसी चीज़ को खोजने लगते हैं, तो इससे उस समय के विशेष रुझानों के बारे में उपयोगी जानकारी मिल सकती है. Google रुझान, Google वेब खोजों से नमूने लेकर किसी विशेष समयावधि में की गई खोजों की लोकप्रियता का अनुमान लगाता है और उन नतीजों को इकट्ठा किए गए रूप में सार्वजनिक तौर पर शेयर करता है. ज़्यादा जानें

## विज्ञापन जो आपको सबसे उपयोगी लगेंगे

उदाहरण के लिए, अगर आप YouTube पर बेकिंग से संबंधित वीडियो देखते हैं, तो वेब ब्राउज़ करते समय आपको बेकिंग से जुड़े और विज्ञापन दिखाई दे सकते हैं. हम आपकी जगह का अंदाज़ा लगाने के लिए आपके आईपी पते का उपयोग भी कर सकते हैं, ताकि अगर आप “पिज़्ज़ा” खोजें, तो हम आपको आस-पास की पिज़्ज़ा डिलीवरी सेवा के विज्ञापन दिखा सकें. Google विज्ञापनों के बारे में और आपको कुछ खास विज्ञापन क्यों दिखाई देते हैं, इस बारे में ज़्यादा जानें.

## विशेष पार्टनर

उदाहरण के लिए, हम YouTube क्रिएटर्स और विज्ञापनदाताओं को कुकी या ऐसी ही दूसरी तकनीकों का उपयोग करके अपने YouTube वीडियो या विज्ञापनों के दर्शकों के बारे में जानने के लिए माप करने वाली कंपनियों के साथ काम करने की अनुमति देते हैं. दूसरा उदाहरण हमारे शॉपिंग पेज पर मौजूद व्यापारी हैं, जो यह समझने के लिए कुकी का उपयोग करते हैं कि उनकी उत्पाद सूचियों को कितने अलग-अलग लोग देखते हैं. इन पार्टनर और आपकी जानकारी के उपयोग के उनके तरीकों के बारे में ज़्यादा जानें.

## विशेष Google सेवाएं

उदाहरण के लिए, आप Blogger से अपना ब्लॉग या Google साइट से अपनी Google साइट मिटा सकते हैं. आप उन समीक्षाओं को भी मिटा सकते हैं जो आपने किसी ऐप्लिकेशन, गेम और दूसरी सामग्री पर की हैं.

## वे जगहें जिन्हें आपने लेबल किया है, जैसे कि घर और ऑफ़िस

अपने Google खाते में उन जगहों को सेव किया जा सकता है जो आपके लिए ज़रूरी हैं. जैसे, आपका घर या ऑफ़िस. अगर आपने घर या ऑफ़िस का पता सेव किया है, तो चीज़ों को आसान बनाने के लिए उनका इस्तेमाल किया जा सकता है. जैसे, रास्ते की जानकारी पाना या आपके घर या ऑफ़िस के आस-पास के नतीजे खोजना. साथ ही, आपको ज़्यादा काम के विज्ञापन दिखाने के लिए भी ऐसा किया जा सकता है.

Google खाते में जाकर, कभी भी अपने घर या ऑफ़िस के पतों में बदलाव किया जा सकता है या उन्हें मिटाया जा सकता है.

## वे लोग जो ऑनलाइन आपके लिए सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं

उदाहरण के लिए, कोई ईमेल लिखते समय उसकी प्रति, प्रतिलिपि या गुप्त प्रतिलिपि फ़ील्ड में कोई पता लिखने पर Gmail सबसे ज़्यादा संपर्क किए गए लोगों के आधार पर पतों का सुझाव देगा.

## संवेदनशील श्रेणियां

आपको दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाए गए विज्ञापन दिखाते समय, हम आपकी गतिविधि के आधार पर उन विषयों का उपयोग करते हैं जो हमारे अनुसार आपकी पसंद के हो सकते हैं. उदाहरण के लिए, आपको "कुकिंग और रेसिपी" या "हवाई यात्रा" जैसी चीज़ों के विज्ञापन दिखाई दे सकते हैं. हम जाति, धर्म, यौन रुझान या स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील श्रेणियों के आधार पर कोई भी विषय या दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया कोई भी विज्ञापन नहीं दिखाते हैं. हमने हमारी सेवाओं का उपयोग करने वाले विज्ञापनदाताओं के लिए भी यही ज़रूरत रखी है.

## सार्वजनिक रूप से एक्सेस किए जा सकने वाले स्रोत

उदाहरण के लिए, हम ऐसी जानकारी इकट्ठा कर सकते हैं जो सार्वजनिक रूप से ऑनलाइन उपलब्ध हो या अन्य सार्वजनिक स्रोतों से ली गई हो. इससे, Google के एआई मॉडल को ट्रेनिंग देने के साथ-साथ Google

Translate, Gemini Apps, और Cloud AI जैसी सुविधाएं और प्रॉडक्ट बनाने में मदद मिलती है. इसके अलावा, अगर आपके कारोबार की जानकारी किसी वेबसाइट पर दिखती है, तो हम उसे इंडेक्स कर सकते हैं और Google की सेवाओं पर दिखा सकते हैं.

## सुधार करना

उदाहरण के लिए, हम कुकी का उपयोग यह विश्लेषण करने में करते हैं कि लोग हमारी सेवाओं से किस तरह इंटरैक्ट करते हैं. उस विश्लेषण से हमें बेहतर उत्पाद बनाने में सहायता मिल सकती है. उदाहरण के लिए, उससे हमें यह पता करने में सहायता मिल सकती है कि किसी खास काम को पूरा करने में लोगों को बहुत ज़्यादा समय लगता है या वे उस काम को पूरा कर ही नहीं पाते. हम उस सुविधा को फिर से डिज़ाइन कर सकते हैं और उत्पाद को सभी के लिए बेहतर बना सकते हैं.

## सुरक्षा और विश्वसनीयता

हमारी सेवाओं को सुरक्षित और विश्वसनीय रखने के लिए आपकी जानकारी का उपयोग करने के तरीकों के उदाहरण नीचे दिए गए हैं:

- अपने आप होने वाले दुरुपयोग से सुरक्षा करने के लिए आईपी पतों और कुकी डेटा को इकट्ठा करना और उसका विश्लेषण करना. यह दुरुपयोग कई रूपों में होता है, जैसे कि Gmail उपयोगकर्ताओं को स्पैम भेजना, धोखे से विज्ञापनों पर क्लिक करवाकर विज्ञापनदाताओं से पैसे चुराना या सेवा में रुकावट (DDoS) के हमले से सामग्री पर रोक लगाना.

- Gmail में "खाते की पिछली गतिविधि" से आप यह जान सकते हैं कि क्या किसी व्यक्ति ने बिना आपको सूचित किए आपके ईमेल को एक्सेस किया और ऐसा उसने कब किया. इस सुविधा से आपको Gmail में हाल की गतिविधि से संबंधित जानकारी दिखाती है, जैसे कि वे आईपी पते, जिनसे आपका मेल एक्सेस किया गया था, उनसे संबंधित स्थान और साथ ही समय और तारीख. ज़्यादा जानें

## हमारी सभी सेवाओं से इकट्ठा की गई जानकारी का इस्तेमाल करना

आपकी उपलब्ध सेटिंग के हिसाब से, हम अपनी सभी सेवाओं से इकट्ठा की गई जानकारी का इस्तेमाल कैसे करते हैं, इसके कुछ उदाहरण यहां दिए गए हैं:

- जब आप अपने Google खाते में साइन इन करते हैं और Google पर खोज करते हैं, तो आपको सार्वजनिक वेब के साथ-साथ Gmail या Google कैलेंडर जैसे दूसरे Google उत्पादों पर आपके पास मौजूद सामग्री से भी जानकारी दिखाई दे सकती है. इसमें आपकी आने वाली फ़्लाइट की स्थिति, रेस्तरां और होटल बुकिंग या आपकी फ़ोटो जैसी चीज़ें शामिल हो सकती हैं. ज़्यादा जानें

- अगर आपने किसी व्यक्ति के साथ Gmail के ज़रिए बात की है और आप उन्हें Google दस्तावेज़ या Google कैलेंडर में किसी इवेंट में शामिल करना चाहते हैं, तो उनका नाम लिखने पर Google उनके ईमेल पते को अपने आप पूरा करके आपके लिए ऐसा करना आसान बनाता है. यह सुविधा आपकी जान-पहचान के लोगों से चीज़ें शेयर करना आसान बनाती है. ज़्यादा जानें

- आपको पसंद के मुताबिक कॉन्टेंट दिखाने के लिए, Google ऐप्लिकेशन Google के अन्य प्रॉडक्ट में सेव किए गए आपके डेटा का इस्तेमाल कर सकता है. हालांकि, ऐसा आपकी सेटिंग के आधार पर किया जाएगा. उदाहरण के लिए, अगर आपकी वेब और ऐप्लिकेशन गतिविधि में आपने खोज के कुछ नतीजे सेव कर रखे हैं, तो Google ऐप्लिकेशन आपकी गतिविधि के आधार पर, आपको समाचार रिपोर्ट और आपकी पसंद से जुड़ी अन्य जानकारी दिखा सकता है, जैसे कि किसी खेल का स्कोर.

- अगर आपने अपने Google खाते को Google Home से लिंक किया है, तो आपके पास अपनी जानकारी को मैनेज करने का विकल्प है. साथ ही, Google Assistant की मदद से अपने कुछ काम भी करवाए जा सकते हैं. जैसे, अपने Google कैलेंडर में इवेंट जोड़ना या अपने दिन का शेड्यूल देखना. इसके अलावा, आने वाले दिनों की अपनी फ़्लाइट का स्टेटस पूछा जा सकता है या अपने फ़ोन पर ड्राइविंग दिशा-निर्देश जैसी जानकारी भी भेजी जा सकती है. ज़्यादा जानें

- अगर आप ईयू (यूरोपियन यूनियन) में रहने वाले/वाली उपयोगकर्ता हैं, तो सेवाओं को लिंक करने से जुड़े आपके फ़ैसले इस बात पर असर डालेंगे कि Google की कुछ सेवाएं, हमारी सभी सेवाओं में इस डेटा का इस्तेमाल किस तरह कर सकती हैं.

## हमारी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाली तीसरे पक्ष की साइटें और ऐप्लिकेशन पर की गई गतिविधि

Google Ads और Analytics जैसी Google की सेवाओं को इंटिग्रेट करने वाली वेबसाइटें और ऐप्लिकेशन, हमारे साथ जानकारी शेयर करते हैं.

यह जानकारी इकट्ठा की जाती है, भले ही आप कोई भी ब्राउज़र या ब्राउज़र मोड का इस्तेमाल करें. उदाहरण के लिए, Chrome के गुप्त मोड की मदद से, आपका डिवाइस इस्तेमाल करने वाले दूसरे लोगों से आपकी ब्राउज़िंग को निजी और सुरक्षित रखने में मदद मिलती है. इसके बावजूद, हमारी सेवाओं को इंटिग्रेट करने वाली तीसरे पक्ष की वेबसाइटें और ऐप्लिकेशन, अब भी Google के साथ जानकारी शेयर कर सकते हैं. ऐसा आपके इन साइटों और ऐप्लिकेशन पर विज़िट करने पर होगा.

Google की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाली साइटों और ऐप्लिकेशन पर विज़िट करने या उनसे इंटरैक्ट करने पर, शेयर की जाने वाली जानकारी को कंट्रोल करने के कुछ तरीकों के बारे में ज़्यादा जानें.

## हमारे उपयोगकर्ता

उदाहरण के लिए, ऑनलाइन कॉन्टेंट मॉडरेशन से जुड़े अपने तरीकों को लेकर पारदर्शिता और ज़िम्मेदारी बढ़ाने के साथ-साथ इनके गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए, Google अपनी सेवाओं से कॉन्टेंट हटाने के अनुरोधों का डेटा, Lumen के साथ शेयर करता है. Lumen, इन अनुरोधों को इकट्ठा करके विश्लेषण करता है, ताकि रिसर्च में मदद मिल सके. यह रिसर्च, इंटरनेट इस्तेमाल करने वालों को, उनके अधिकारों के बारे में समझाने के लिए की जाती है. ज़्यादा जानें.

## Google ऐप्लिकेशन वाले Android डिवाइस

Google ऐप्लिकेशन वाले Android डिवाइस में ऐसे डिवाइस शामिल हैं जो Google या उसके किसी पार्टनर की ओर से बेचे जाते हैं और उनमें फ़ोन, कैमरे, वाहन, पहने जाने वाले डिवाइस और टेलीविज़न शामिल हैं. ये डिवाइस Google Play सेवाओं और दूसरे पहले से इंस्टॉल ऐप्लिकेशन का उपयोग करते हैं जैसे Gmail, मैप, आपके फ़ोन का कैमरा और फ़ोन डायलर, लिखाई को बोली में बदलना, कीबोर्ड इनपुट और सुरक्षा सुविधा. Google Play सेवाएं के बारे में ज़्यादा जानें.

## Google की सेवाओं पर की गई गतिविधि

अगर आपने Google खाते में साइन इन किया है और 'वेब और ऐप्लिकेशन गतिविधि' सेटिंग चालू है, तो Google की साइटों, ऐप्लिकेशन, और सेवाओं पर की गई आपकी गतिविधि का डेटा, आपके खाते की 'वेब और ऐप्लिकेशन गतिविधि' सेटिंग में सेव हो सकता है. कुछ गतिविधि में, उस सामान्य इलाके की जानकारी शामिल हो सकती है जहां आपने Google की सेवा का इस्तेमाल किया था. अगर किसी सामान्य इलाके का इस्तेमाल करके कोई खोज की जाती है, तो वह खोज कम से कम तीन वर्ग किलोमीटर की रेंज का इस्तेमाल करेगी या उसकी रेंज तब तक बढ़ती जाएगी, जब तक कि इलाके में कम से कम 1,000 लोगों की जगह की जानकारी का पता न चल जाए. इससे आपकी निजता की सुरक्षा करने में मदद मिलती है.

कुछ मामलों में, आपकी खोज से मिलती-जुलती जगह का अनुमान लगाने के लिए, उन इलाकों का इस्तेमाल किया जा सकता है जिन्हें आपने खोजा है. उदाहरण के लिए, अगर आप दिल्ली में हैं और आपने कॉफ़ी शॉप के बारे में खोजा है, तो Google आने वाले समय में की जाने वाली खोजों के लिए दिल्ली से जुड़े नतीजे दिखा सकता है.

अपनी 'वेब और ऐप्लिकेशन गतिविधि' सेटिंग को देखने के लिए, मेरी गतिविधि पर जाएं.

## Google के पार्टनर बनें

20 लाख से ज़्यादा गैर-Google वेबसाइट और ऐप्लिकेशन विज्ञापन दिखाने के लिए Google के पार्टनर हैं.
ज़्यादा जानें